वैशाख शुक्ल - 11 · संवत 2082 · वर्ष - 12 · अंक - 279 · पृष्ठ - 8 · रु. 5/- · चेन्नई » शुक्रवार » 09-05-2025 · www.dakshinbharat.com · Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

PUNJAB ASSOCIATION'S
## ANNA ADARSH COLLEGE FOR WOMEN
(AUTONOMOUS)
Affiliated to the University of Madras

Re-accredited by NAAC with 'A++' Grade

AI, IInd Street, 9th Main Road, Anna Nagar, Chennai - 600040.
aacw@annaadarsh.edu.in 044-2621 2089, 044-4602 7711



## ADMISSIONS 2025 - 2026
APPLY ONLINE

Visit our website

Visit our website for applications for all courses
www.annaadarsh.edu.in

Applications are invited for Admission to the following U.G./P.G. Courses

### SHIFT-I (UG Courses)
**B.A**
- Business Economics
- English

**B.Sc**
- Chemistry
- Home Science – Nutrition, Food Service Management and Dietetics (N&D)
- Computer Science
- Psychology
- Computer Science with Data Science

**BCA**

**B.Com**
- General
- Corporate Secretaryship
- Bank Management
- Accounting & Finance

### SHIFT-I (PG Courses)
**M.A**
- English

**MSW**

**M.Sc**
- Mathematics
- Chemistry
- Computer Science
- Home Science-FSM and Dietetics

**M.Com**
- General
- Corporate Secretaryship
- Bank Management

### SHIFT-II (UG Courses)
**B.Sc**
- Computer Science
- Psychology
- Computer Science with Artificial Intelligence

**BCA**

**B.Com**
- General
- Corporate Secretaryship
- Accounting & Finance
- Computer Applications
- Honours

### SHIFT-II (UG Courses)
**BBA**

### SHIFT-II (PG Courses)
**M.Com**
- General

**M.Sc**
- Homescience - FSM & Dietetics
- Applied Psychology

### SECOND LANGUAGES FOR UG STUDENTS
- Tamil
- Hindi
- French

Hoping Minds
GIVE YOUR DEGREE A COMPETITIVE EDGE!

POWER-PACKED CERTIFICATION COURSES
- Industry-Relevant Curriculum
- For All Streams & Career Paths
- Future-Ready Skill Development
- Certification with Placement Value
- Hands-On Practical Projects

Powered by Partnerships with
N·S·D·C National Skill Development Corporation · CII · Telecom Sector Skill Council · swayam
& 200+ LEADING CORPORATES

- Wi-fi enabled campus
- CCTV cameras through out the campus for students safety
- Blended learning and holistic development
- Excellent placements.
- Counselling centre inside the campus, 24/7 counselling support to students (online & by phone also available)
- Dispensary with Doctor & Nurse full time
- Hostel facility is available
- Air conditioned Canteen facility

MONTHLY FEE PAYMENT OPTIONS
powered by EDUFIN
For fee finance call
76690 98333

| Dr. VIKRAM AGGARWAL | RAMESH LAMBA | AJAY BHALLA | SUNIL HASIJA | VIJAY BHATIA | Dr. R. SHANTHI |
|---|---|---|---|---|---|
| President | General Secretary | Treasurer | Correspondent | Vice President | Principal |

# 'ऑपरेशन सिंदूर' का लक्ष्य कोई धर्म या देश नहीं बल्कि आतंकवाद था : सावंत

## ऑपरेशन के जरिए भारत ने दिखा दिया कि उसके पास आतंकवाद को खत्म करने की है ताकत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पणजी/भाषा।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'आपरेशन सिंदूर' किसी देश या धर्म के खिलाफ नहीं था, बल्कि इसका लक्ष्य आतंकवाद था।

सावंत ने कहा कि इस ऑपरेशन के जरिये भारत ने दिखा दिया है कि उसके पास आतंकवाद को खत्म करने की ताकत और इरादा है।

भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमलों में 26 नागरिकों की मौत के दो हफ्ते बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किए गए।

सावंत ने संवाददाताओं से कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे सशस्त्र बलों द्वारा चलाया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' किसी देश या धर्म के खिलाफ नहीं था।'' उन्होंने कहा, ''पहलगाम में हमारी बहनों के सिंदूर



को मिटाने का दुस्साहस करने वाले आतंकवादी हमारे निशाने पर थे। लक्ष्य आतंकवाद था। हमने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए जघन्य कृत्य का बदला लिया।'' सावंत ने कहा कि पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों ने भारत द्वारा मारे गए आतंकवादियों के अंतिम संस्कार के दौरान उनके शवों को सलामी देकर इस विश्वास की पुष्टि की है कि वे (पाकिस्तानी) आतंकवाद का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, ''भारत ने आतंकवाद पर जवाबी हमला करने की अपनी ताकत और इरादे को दर्शाया है।''

दो महिला अधिकारियों- कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बुधवार को मिसाइल हमलों के कुछ घंटों बाद भारत सरकार की ब्रीफिंग का नेतृत्व किया था। मुख्यमंत्री ने कहा, ''इनमें से एक अधिकारी मुस्लिम थीं। इसलिए मैं कहता हूं कि हमारी लड़ाई किसी देश या धर्म के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ है।''

सावंत ने बृहस्पतिवार को गोवा में आपात स्थितियों से निपटने की विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों को परखने के लिए आयोजित 'मॉक ड्रिल' के बारे में कहा कि राज्य के दोनों जिलों में अभ्यास सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि इन अभ्यासों ने किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए हमारी तैयारी को प्रदर्शित किया है।

# छत्रपति शिवाजी के गौरवशाली योगदान को पाठ्यपुस्तकों में व्यापक रूप से शामिल किया जाना चाहिए : धर्मेंद्र प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) से कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली योगदान को पाठ्यपुस्तकों में व्यापक रूप से शामिल किया जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि शिवाजी का अनुकरणीय जीवन और विरासत वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और इसे पाठ्यपुस्तकों में उचित स्थान मिलना चाहिए। महाराष्ट्र के स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे के साथ एक बैठक के बाद प्रधान ने स्वंय यह जानकारी साझा की।

प्रधान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के विभिन्न पहलुओं और इसके कार्यान्वयन पर विशेष रूप से महाराष्ट्र में स्कूली शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के



साथ-साथ युवा बच्चों को उनकी पूर्ण विकास क्षमता हासिल कराने में मदद करने के तरीकों पर सार्थक चर्चा हुई।'' उन्होंने कहा, ''मंत्री को बताया कि मैंने एनसीईआरटी को निर्देश दिया है कि वह छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली पराक्रम और अद्वितीय योगदान को पाठ्यपुस्तकों में व्यापक रूप से शामिल करे। उनका अनुकरणीय जीवन और विरासत वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और इसे हमारी पाठ्यपुस्तकों में उचित स्थान मिलना चाहिए।''



## टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान चलाया जाए : ओवैसी

**नई दिल्ली/भाषा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को आतंकवादी संगठन घोषित करवाने के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल की संदिग्ध सूची (ग्रे लिस्ट) में शामिल कराने के लिए भी कोशिश की जानी चाहिए। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने संवाददाताओं से कहा, आज की सर्वदलीय बैठक में मैंने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाने के लिए हमारे सशस्त्र बलों और भारत सरकार की सराहना की।

## पाक में फिदायीन हमलावर तैयार कर रहे जैश के अड्डों के संबंध हमास से, नाटो हथियारों का भंडार

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के दो केंद्र- इसका बहावलपुर स्थित मुख्यालय और पाकिस्तान के पंजाब में स्थित नरोवाल आत्मघाती हमलावर तैयार करने वाले अड्डों के रूप में काम करते थे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि इन अड्डों के ना केवल फलस्तीनी संगठन हमास के साथ संबंध थे, बल्कि ये अफगानिस्तान से तस्करी करके लाए गए नाटो बलों के हथियारों के भंडारण केंद्र के रूप में काम करते थे।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक-दूसरे के विपरीत छोर पर स्थित ये दोनों केंद्र बुधवार तड़के भारतीय वायुसेना द्वारा दागी गई मिसाइलों से ध्वस्त हुए उन नौ लक्ष्यों में शामिल थे, जिन्हें 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले का कड़ा जवाब देने के तहत निशाना बनाया गया था। ये कार्रवाई पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी जिसमें 25 पर्यटकों और एक स्थानीय गाइड की आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी।

अधिकारियों के अनुसार, 15 एकड़ में फैला जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर केंद्र इसके प्रमुख अब्दुल रऊफ असगर द्वारा चलाया जाता रहा है और इस इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के संस्थापक मसूद अजहर और उसके परिवार के अन्य सदस्यों के आवास हैं।

## रिलायंस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' ट्रेडमार्क आवेदन लिया वापस, कहा: अनजाने में यह आवेदन दे दिया था




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** 'रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल)' ने यह कहते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' शब्द के लिए अपना ट्रेडमार्क आवेदन वापस ले लिया है कि उसके एक कनिष्ठ अधिकारी ने अनजाने में यह आवेदन दे दिया था, जबकि इसके लिए वह अधिकृत नहीं था।

'रिलायंस' ने बयान में कहा कि उसका ''ऑपरेशन सिंदूर (शब्द) को ट्रेडमार्क बनाने का कोई इरादा नहीं है। यह ऐसा शब्द है, जो अब भारतीय बहादुरी के प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बन गया है।'' सशस्त्रबलों ने पाक में आतंकवादियों के विरुद्ध जो कार्रवाई की है उसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। रिलायंस ने कहा, ''रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई जियो स्टूडियोज ने अपना ट्रेडमार्क आवेदन वापस ले लिया है, जिसे कनिष्ठ अधिकारी ने अनजाने में दे दिया था, जबकि इसके लिए वह अधिकृत नहीं था।'' 4 आवेदन बुधवार को पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक के कार्यालय में दायर किए थे, जिसमें ऑडियो एवं वीडियो सामग्री जैसी मनोरंजन संबंधी सेवाओं के लिए इस शब्द का उपयोग करने की मांग की गई थी। उनमें एक आवेदन रिलायंस का था। सभी चार आवेदकों ने सात मई को सुबह 10.42 बजे और शाम 6.27 बजे के बीच 'नाइस' वर्गीकरण के वर्ग 41 के तहत पंजीकरण के लिए आवेदन दिया था, जिसमें शिक्षा और प्रशिक्षण सेवाएं, फिल्म और मीडिया उत्पादन, लाइव प्रदर्शन एवं कार्यक्रम, डिजिटल सामग्री वितरण और प्रकाशन तथा सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां शामिल हैं।



## जीआरएसई ने उथले पानी में इस्तेमाल होने वाला पहला पनडुब्बी रोधी जहाज नौसेना को सौंपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने कहा है कि उसने उथले पानी में इस्तेमाल होने वाले आठ पनडुब्बी रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) जहाजों में से पहला जहाज बृहस्पतिवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया है।

इन जहाजों से भारतीय नौसेना की उन तटीय क्षेत्रों में गश्त करने की क्षमता बढ़ेगी, जहां दुश्मन की पनडुब्बियां छिपी हो सकती हैं। कोलकाता में स्थित जीआरएसई लिमिटेड ने भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे आठ जहाजों में से पहला जहाज 'आईएनएस अर्नाला' बृहस्पतिवार को बल के हवाले किया। जीआरएसई ने एक बयान में कहा कि 77.6 मीटर लंबे और 10.5 मीटर चौड़े ये जहाज तटीय क्षेत्रों में निगरानी के साथ-साथ खोज और हमले के लिए भी सक्षम हैं। अधिकारी ने कहा, ये विमान के साथ समन्वित पनडुब्बी रोधी अभियान भी चला सकते हैं। जीआरएसई लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि जहाज का निर्माण सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत किया गया है, जिसमें जीआरएसई ने तमिलनाडु में निजी शिपयार्ड एलएंडटी कट्टुपल्ली के साथ सहयोग किया है। जीआरएसई को अर्नाला जहाज के डिजाइन के लिए 2022 में रक्षा मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। यह 'सबसे शांत जहाज' बताया गया है। बयान में कहा गया है कि इस जहाज का नाम महाराष्ट्र के तट पर स्थित एक ऐतिहासिक किले वाले द्वीप के नाम पर रखा गया है और इसमें लगभग 88 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। जीआरएसई अब 16 और युद्धपोत का निर्माण कर रहा है, जिनमें तीन पी17ए उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट, सात एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी, दो सर्वेक्षण पोत और चार अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत शामिल हैं।

## ओयो पिछले वित्त वर्ष में सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली स्टार्टअप कंपनी: संस्थापक



**नई दिल्ली/भाषा।** वैश्विक यात्रा होटल मंच ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी पिछले वित्त वर्ष में 623 करोड़ रुपए के शुद्ध लाभ के साथ सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाला स्टार्टअप रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। ओयो के वित्तीय नतीजों से संबंधित दस्तावेजों के मुताबिक, कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 172 प्रतिशत बढ़कर 623 करोड़ रुपए हो गया, जो 2023-24 में 229 करोड़ रुपए था। पीटीआई-भाषा को मिले दस्तावेजों के मुताबिक, कंपनी की समायोजित कर-पूर्व आय (एबिटा) वित्त वर्ष 2024-25 में 27 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,132 करोड़ रुपए हो गई जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 889 करोड़ रुपए थी। कंपनी का एबिटा लगातार 10वीं तिमाही में बढ़त में रहा है। इस वजह से ओयो की प्रति शेयर आय पिछले वित्त वर्ष में 158 प्रतिशत बढ़कर 0.93 रुपए तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 0.36 रुपए प्रति शेयर थी।

## अमृतसर में बिखरा मिला धातु का मलबा, स्थानीय लोगों ने मिसाइल के टुकड़े होने का दावा किया

**अमृतसर/भाषा।** पंजाब के अमृतसर जिले के एक गांव में बृहस्पतिवार को कुछ स्थानों पर धातु का मलबा बिखरा हुआ पाया गया जबकि कुछ स्थानीय लोगों ने दावा किया कि ये किसी मिसाइल के टुकड़े हैं। पुलिस ने बताया कि जांच करने के बाद ही पता चल पाएगा की यह सिर्फ धातु का मलबा है या मिसाइल के टुकड़े हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें जिले के जेठूवाल गांव के कुछ खेतों एवं घरों में धातु का मलबा मिला है। उन्होंने बताया कि किसी संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। स्थानीय लोगों ने मलबा मिलने पर पुलिस को बताया और उन्होंने सेना को इसकी सूचना दी। अमृतसर जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार तड़के 'ब्लैकआउट' अभ्यास किया और निवासियों से घरों के अंदर रहने और नहीं घबराने के लिए कहा। 'ब्लैकआउट' अभ्यास रात करीब डेढ़ बजे शुरू हुआ। पिछले तीन घंटों में जिले में दूसरी बार यह अभ्यास किया गया था। इससे पहले बुधवार को रात साढ़े दस बजे से 11 बजे तक 'मॉक ड्रिल' की गई थी।

## गुजरात में भारत-पाक सीमा के पास 'ड्रोन जैसी' वस्तु का मलबा मिला

**भुज (गुजरात)/भाषा।** गुजरात के कच्छ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के नज़दीक एक सुनसान इलाके में बृहस्पतिवार को 'ड्रोन जैसी' वस्तु का मलबा मिला है। पुलिस ने यह जानकारी दी। ड्रोन जैसी यह वस्तु खावड़ा गांव के पास तब मिली है, जबकि केंद्र सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान ने बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात को पश्चिमी और उत्तरी भारत के कई स्थानों पर हमले की कोशिश की थी। कच्छ (पश्चिम) के पुलिस अधीक्षक विकास सुंडा ने पुष्टि करते हुए कहा, आज सुबह एक हाई-वोल्टेज पावर ट्रांसमिशन लाइन के नीचे 'ड्रोन जैसी' वस्तु का मलबा मिला है। उन्होंने बताया, यह मलबा खावड़ा गांव के पास मिला।

स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उस वस्तु व उसके हिस्सों को जांच के लिए भुज एयरबेस ले गए। ड्रोन कहां से आया इसे लेकर अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है और यह भी पता नहीं चल पाया है कि क्या इसे मार गिराया गया या फिर यह बिजली लाइन से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। सूत्रों के अनुसार, मलबा जिस स्थान पर मिला है, वह भारत-पाक सीमा से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।



## आयुर्वेद से जुड़े स्टार्ट-अप को प्रायोजित करने की योजना बना रही दिल्ली सरकार: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार वैश्विक आयुर्वेद शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने और सदियों पुरानी भारतीय चिकित्सा प्रणाली पर केंद्रित स्टार्ट-अप को सहायता प्रदान करने की योजना बना रही है।


यहां अखिल भारतीय आयुर्वेदिक कांग्रेस को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से आयुर्वेद वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो रहा है, अन्य देश अधिक जानकारी और आयुर्वेदिक दवाओं की उपलब्धता के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आयुष मंत्रालय की स्थापना करने और नीतियां बनाकर आयुर्वेद और अन्य संबंधित औषधीय प्रणालियों को एक बड़ा मंच प्रदान करने के लिए धन्यवाद देती हूं।'' उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की तर्ज पर दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है। आयुर्वेद क्षेत्र के विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''हमें दिल्ली में एक वैश्विक आयुर्वेद शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहिए जिसे सरकार का समर्थन मिलेगा। हम शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के लोगों के सामने आयुर्वेदिक प्रणाली को पेश कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार युवाओं को इस क्षेत्र में काम करने के वास्ते प्रोत्साहित करने के लिए आयुर्वेद आधारित स्टार्ट-अप को प्रायोजित करने जैसी विभिन्न पहल शुरू करने की योजना बना रही है, जबकि योग गुरुओं और विशेषज्ञों को नवाचार पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## महाराष्ट्र में 45 लाख रुपए मूल्य के जाली नोट जब्त, छह लोग गिरफ्तार

**ठाणे/भाषा।** ठाणे में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 45 लाख रुपए से अधिक मूल्य की जाली भारतीय मुद्रा जब्त की हैं। बृहस्पतिवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमरसिंह जाधव ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों को बताया कि भिवंडी शहर में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के कार्यालय में नकली नोट छापे जा रहे थे।

भिवंडी पुलिस की अपराध शाखा ने एक गुप्त सूचना के आधार पर तीन मई को अवचितपाड़ा में छापेमारी कर सूरज तानाजी शेंडे, भरत वल्कु सासे और स्वप्निल जगदीश पाटिल के पास से 30 लाख रुपए मूल्य के 500-500 रुपए के नकली नोट जब्त किए।



## गडकरी ने कहा, 30,000 किमी. के राजमार्गों को चार लेन में बदलने को करेंगे 10 लाख करोड़ रुपए का निवेश

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को एक मजबूत आर्थिक शक्ति बनाने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास महत्वपूर्ण है और राजमार्ग मंत्रालय ने 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश से दो लेन वाले 25,000-30,000 किलोमीटर राजमार्गों को चार लेन में बदलने का निर्णय लिया है।

यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि मंत्रालय अब भारतीय निवेशकों से राजमार्ग परियोजनाओं के लिए धन जुटाने को अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) मॉडल को प्रोत्साहित करेगा। भारत को मजबूत आर्थिक शक्ति बनाने के लिए, बुनियादी ढांचा महत्वपूर्ण है... हमने 8-10 लाख करोड़ रुपए की लागत से देश में दो लेन वाले 25,000-30,000 किलोमीटर राजमार्गों को चार लेन में बदलने का निर्णय लिया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि उनका सपना हर साल पांच से छह लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाएं पूरी करना है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास निष्पादन के विभिन्न तरीकों के तहत किया जाता है, जिसमें बनाओ-चलाओ-हस्तांतरित करो (बीओटी या टोल) बीओटी (एन्यूइटी), इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी), इनविट और हाइब्रिड एन्यूइटी मॉडल शामिल हैं। सरकार सड़कों के निर्माण के लिए बीओटी मॉडल (वार्षिकी) को संशोधित करने पर काम कर रही है, जिसके तहत राजमार्ग मंत्रालय 15 साल तक टोल एकत्र करेगा और इसका कुछ हिस्सा रियायतग्राहियों के साथ साझा करेगा।

## मस्क की स्टारलिंक को दूरसंचार विभाग से मिला आशय पत्र, भारत में उपग्रह संचार सेवाओं का रास्ता खुला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अमेरिका के अरबपति उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने दूरसंचार विभाग से मंजूरी मिलने के बाद भारत में उपग्रह संचार सेवाएं मुहैया कराने की ओर एक और कदम बढ़ाया है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि स्टारलिंक को उपग्रह संचार सेवाओं के लिए आशय पत्र जारी कर दिया गया है। हालांकि, परिचालन शुरू करने से पहले उसे अभी लाइसेंस हासिल करना होगा। स्टारलिंक एक उपग्रह इंटरनेट सेवा प्रदाता है।

एयरोस्पेस विनिर्माता एवं अंतरिक्ष परिवहन कंपनी स्पेसएक्स द्वारा 2002 में इसकी स्थापना की




गई थी। यह उपग्रह प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर दुनिया भर में उच्च-गति, कम-बाधा वाली ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदान करती है। कंपनी ने भारत में अपने ग्राहकों तक स्टारलिंक का उच्च गति वाला इंटरनेट पहुंचाने के लिए शीर्ष दो दूरसंचार कंपनियों रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के साथ समझौता किया है। पारंपरिक उपग्रह सेवाओं के उलट स्टारलिंक पृथ्वी की सतह के अपेक्षाकृत सबसे करीब निम्न पृथ्वी कक्षा या एलईओ उपग्रहों (पृथ्वी से 550 किलोमीटर ऊपर) का इस्तेमाल करती हैं। पारंपरिक उपग्रह सेवाएं आमतौर पर भूस्थिर उपग्रह पर निर्भर करती हैं। एलईओ उपग्रहों की संख्या अभी 7,000 है जो बढ़कर 40,000 से अधिक हो जाएगी। स्टारलिंक का उपग्रह इंटरनेट स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन गेमिंग और वीडियो कॉलिंग के लिए सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है। यह अत्यधिक ठंड, गर्मी, ओलावृष्टि, भारी बारिश और यहां तक कि आंधी के समय एवं दूरदराज इलाकों में बिना किसी बाधा के सेवाएं मुहैया कराने में भी सक्षम है। यह खासतौर पर ग्रामीण और उन इलाकों के लिए उपयुक्त है, जहां फाइबर या केबल जैसे पारंपरिक इंटरनेट माध्यम नहीं पहुंच पाए हैं।

## भारतीय कृषि को आर्थिक रूप से लाभप्रद बनाने के लिए समाधान खोजने की जरूरत: गडकरी

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारतीय कृषि को आर्थिक रूप से लाभप्रद बनाने की जरूरत है क्योंकि देश को 'आत्मनिर्भर' बनाना जरूरी है। गडकरी ने कहा कि भारत की कृषि को ऊर्जा और बिजली क्षेत्र की ओर विविधता देने की जरूरत है, क्योंकि देश में खाद्यान्नों के भंडारण की पर्याप्त क्षमता नहीं है। ग्रामीण और आदिवासी भारत में रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने की भी जरूरत है, क्योंकि ये क्षेत्र गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। भारतीय कृषि आर्थिक रूप से बहुत लाभप्रद नहीं है।

■ वैशाख शुक्ल - 11 ■ संवत 2082 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 279 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 09-05-2025 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 'ऑपरेशन सिंदूर' पर राजनीतिक सहमति : रीजीजू

6 खतरों के खिलाड़ी हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

7 '80 साल का बुजुर्ग पाकिस्तान' पांच टुकड़ों में बंटकर बिखर जाएगा : इंद्रेश कुमार



# पाकिस्तान को भारत ने दिया मुहतोड़ जवाब

■ पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मिसाइल हमले किए। इसके बाद भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान ने 7 और 8 तारीख की दरम्यानी रात में भारत पर ड्रोनों से हमला कर दिया जिससे भारत को जनहानि उठानी पड़ी। भारत ने ज्यादातर ड्रोन हमले को अपनी सुरक्षा तंत्र के चलते बचाया। भारत ने भी इसका मुंह तोड़ जवाब दिया और कई जगह हमले किए। जिससे पाकिस्तान में हाहाकार मच गया। खबरों के अनुसार दुश्मन के दो फाइटर जहाज भी भारत ने मार गिराए। पाकिस्तान के सीमावर्ती राज्य राजस्थान, गुजरात, पंजाब, जम्मू कश्मीर के कई क्षेत्रों में 'ब्लैकआउट' लागू कर दिया गया, जिससे पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया।

## जम्मू और पठानकोट में सैन्य ठिकानों पर हमले के पाकिस्तान के प्रयास भारत ने किए नाकाम

■ नियंत्रण रेखा पर भी पाकिस्तान की ओर से भारी फायरिंग की जा रही है, जिसे भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने बृहस्पतिवार रात जम्मू और पठानकोट समेत सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने के पाकिस्तान के प्रयासों को विफल कर दिया। इससे पहले भारत ने देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 15 स्थानों पर इसी तरह की कोशिशों को नाकाम कर दिया।

इस बीच व्यापक संघर्ष की आशंकाओं के बीच दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।

पाकिस्तान की ओर से यह प्रयास ऐसे समय में किया गया है जब बुधवार को भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए थे। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर पाकिस्तानी सेना द्वारा ये प्रयास और गोलाबारी ऐसे समय में की गई है, जब भारत ने बृहस्पतिवार सुबह कई शहरों में पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाया, जिनमें से लाहौर में एक को ''निष्प्रभावी'' कर दिया गया।









## भारतीय सेना ने लाहौर में वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट किया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके उत्तरी और पश्चिमी भारत में 15 जगहों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिशों को विफल कर दिया और जवाबी कार्रवाई में लाहौर में एक पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। व्यापक संघर्ष की आशंका के बीच दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया है।

रक्षा एवं सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी हमलों को विफल करने के लिए एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और एकीकृत मानवरहित विमान रोधी प्रणाली का इस्तेमाल किया गया।

आज सुबह अपनी प्रतिक्रिया में भारत ने कामिकेज़ ड्रोन दागे और लाहौर में पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया।

उसने कहा कि इन्हें एकीकृत काउंटर मानवरहित विमान प्रणाली (ग्रिड और वायु रक्षा प्रणाली) द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया।

इसमें कहा गया है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया तथा लाहौर में एक वायु रक्षा प्रणाली को निष्प्रभावी कर दिया।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने का प्रयास किया।

## उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों के बल पर सफल हुआ 'ऑपरेशन सिंदूर'

नई दिल्ली/एजेन्सी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत के दुर्जेय और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित सशस्त्र बलों के उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों से लैस होने के कारण ही 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सका है ।

रक्षा मंत्री ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों द्वारा बिना किसी निर्दोष व्यक्ति को नुकसान पहुँचाए और न्यूनतम क्षति के साथ ऑपरेशन को अंजाम देने की सटीकता की सराहना की और इसे राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण बताया।



उन्होंने कहा,ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया क्योंकि हमारे दुर्जेय और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित सशस्त्र बल उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों से लैस थे। सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविर नष्ट कर दिए गए और बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए। यह दर्शाता है कि राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा में 'गुणवत्ता' की महत्वपूर्ण भूमिका है।

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत ने हमेशा बहुत संयम बरतते हुए एक जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका निभाई है और वह बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने में विश्वास करता है, हालांकि, अगर कोई इस संयम का फायदा उठाने की कोशिश करता है, तो उसे 'गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई' का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने राष्ट्र को आश्वस्त किया कि भारत की संप्रभुता की रक्षा करने में सरकार के लिए कोई भी सीमा बाधा नहीं बनेगी।


उन्होंने कहा, हम भविष्य में

## भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर है, क्योंकि उसने पहलगाम आतंकवादी हमले से स्थिति को बिगाड़ा और भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये केवल इसका जवाब दिया।

विदेश सचिव ने पाकिस्तान को इसके कब्जे वाले कश्मीर में नीलम-झेलम जलविद्युत परियोजना पर हमले के मनगढ़ंत आरोपों की आड़ में भारतीय बुनियादी ढांचे को इसी तरह से निशाना बनाने के खिलाफ भी



■ हमारा रुख स्थिति को बिगाड़ने का नहीं रहा है। हमने केवल 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब दिया।

आगाह किया और कहा कि इस्लामाबाद इसके ''परिणामों'' के लिए जिम्मेदार होगा।

मिसरी ने यह टिप्पणी संवाददाता सम्मेलन में की, जिसके कुछ घंटे पहले रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि सशस्त्र बलों ने बुधवार रात मिसाइल और ड्रोन का उपयोग करके देश के उत्तरी और पश्चिमी भागों में 15 शहरों में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के पाकिस्तानी सेना के प्रयासों को विफल कर दिया। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान की किसी भी सैन्य कार्रवाई का दृढ़ता से जवाब दिया जाएगा। मिसरी ने कहा, ''सबसे पहले पाकिस्तान ने 22 अप्रैल (पहलगाम हमला) को तनाव बढ़ाया। हम केवल उस तनाव का जवाब दे रहे हैं। यदि पाकिस्तान द्वारा आगे भी तनाव बढ़ाने का प्रयास किया जाता है, तो उचित तरीके से इसका जवाब दिया जाएगा। अब जिम्मेदारी पाकिस्तान पर है।''

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के साथ ही सीमा के उस पार (पाकिस्तान) से स्थिति को बिगाड़ने के प्रयास शुरू हो गये थे। मिसरी ने कहा, हमारा रुख स्थिति को बिगाड़ने का नहीं रहा है। हमने केवल 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब दिया।

## पंजाब में अगले तीन दिन तक स्कूल-कॉलेज बंद

चंडीगढ़/भाषा। पंजाब सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्य में अगले तीन दिनों के लिए शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर बृहस्पतिवार रात यह आदेश जारी किया गया। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''स्थिति को देखते हुए यह आदेश दिया जाता है कि पूरे पंजाब में सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय अगले तीन दिनों के लिए पूरी तरह से बंद रहेंगे।'' अधिकारियों ने बताया कि भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने के एक दिन बाद पंजाब में अलर्ट जारी कर दिया गया है और सीमावर्ती जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं जबकि सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं।

## जयशंकर ने की अमेरिकी विदेश मंत्री से बात



**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार रात अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से बात की और उन्हें बताया कि भारत स्थिति को बिगाड़ने की पाकिस्तान की किसी भी प्रयास से दृढ़ता से निपटेगा। फोन पर बातचीत के बाद जयशंकर ने बताया कि इस वार्तालाप के दौरान सीमा पार आतंकवाद पर भारत की लक्षित और नपी-तुली प्रतिक्रिया को रेखांकित किया। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज शाम अमेरिका के विदेश मंत्री से बात की। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ काम करने की अमेरिकी प्रतिबद्धता की मैं दिल से सराहना करता हूं।'' उन्होंने कहा, ''सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की लक्षित और नपी-तुली प्रतिक्रिया को रेखांकित किया गया। तनाव बढ़ाने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला किया जाएगा।

दोनों विदेश मंत्रियों के बीच फोन पर यह बातचीत तब हुई जब मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात में चलाए गए अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' और फिर 15 भारतीय शहरों पर हमले की पाकिस्तान की असफल कोशिश के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि रुबियो ने तत्काल तनाव कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, '' रुबियो ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत के लिए अमेरिकी समर्थन व्यक्त किया और संवाद को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने को प्रोत्साहित किया।'' ब्रूस ने कहा, ''विदेश मंत्री ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के लिए अपनी संवेदना दोहराई और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ काम करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।''

## उत्तर कोरिया ने अपने समुद्री क्षेत्र में कई मिसाइलें दागीं : दक्षिण कोरिया

सियोल/एपी। उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने बताया कि पूर्वी बंदरगाह शहर वॉनसन के आसपास के क्षेत्र से सुबह आठ बजकर 10 मिनट से नौ बजकर 20 मिनट के बीच कई मिसाइलें दागी गईं जिनमें से सबसे अधिक दूरी लगभग 800 किलोमीटर तक थी। हालांकि, इस बारे में स्पष्ट नहीं बताया गया कि कितनी मिसाइलें दागी गईं। दक्षिण कोरिया की सेना के प्रवक्ता ली सुंग जून ने मीडिया को बताया कि उत्तर कोरिया के प्रक्षेपणों का उद्देश्य संभवतः उन हथियारों के प्रदर्शन का परीक्षण करना था जिन्हें वह निर्यात करने की योजना बना रहा है। उत्तर कोरिया यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को सैन्य उपकरण की आपूर्ति कर रहा है और अपने सैनिकों को भी भेज रहा है। जॉइंट चीफ ने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने प्रक्षेपण की तैयारियों को पहले ही भांप लिया था और मिसाइलों के प्रक्षेपण के बाद उन पर नजर रखी। जापान के रक्षा मंत्री जनरल नकातानी ने संवाददाताओं से कहा कि उत्तर कोरिया की कोई भी मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र तक नहीं पहुंची और क्षेत्र में जहाजों या विमानों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

## गंगोत्री जा रहा हेलीकॉप्टर गंगनानी के पास दुर्घटनाग्रस्त, छह मरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**उत्तरकाशी/भाषा।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में बृहस्पतिवार सुबह गंगोत्री जा रहा निजी कंपनी का एक हेलीकॉप्टर गंगनानी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार पांच श्रद्धालुओं समेत छह व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी तथा एक अन्य श्रद्धालु गंभीर घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि हादसे की जांच विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा की




जाएगी। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) से मिली जानकारी के अनुसार, मरने वालों में हेलीकॉप्टर के पायलट के अलावा पांच अन्य महिलाएं हैं। दुर्घटना का शिकार हुए हेलीकॉप्टर में कुल सात व्यक्ति सवार थे ।

## 'एक्स' ने कहाः सरकार के आदेश के बाद भारत में आठ हजार अकाउंट ब्लॉक किए गए

**नई दिल्ली/भाषा।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने सरकार के आदेश के बाद भारत में 8,000 खातों को ब्लॉक कर दिया है। 'एक्स' ने कहा कि उसे भारत सरकार से शासनादेश प्राप्त हुए, जिसमें उसे भारत में 8,000 से अधिक खातों को ब्लॉक करने की आवश्यकता बताई गई। इस प्रमुख सोशल मीडिया मंच ने अपने 'ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स' हैंडल पर पोस्ट किया, ''आदेशों का पालन करने के लिए हम केवल भारत में निर्दिष्ट अकाउंट पर रोक लगा देंगे। हमने वह प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## राफेल के खिलौना मॉडल पर 'नींबू और मिर्च' लगाने को लेकर अजय राय पर मुकदमा दर्ज

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ राफेल लड़ाकू विमान के खिलौना मॉडल को 'नींबू और मिर्च' से सजाकर प्रदर्शित करने को लेकर बृहस्पतिवार को यहां मामला दर्ज किया गया है। राय की इस हरकत से विवाद खड़ा हो गया था। चेतगंज थाने के प्रभारी (एसएचओ) दिलीप कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रदीप कुमार गुप्ता नामक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार गुप्ता एक स्थानीय हिंदू समूह का सदस्य है।

## फर्स्ट टेक

### धर्मशाला में 'ब्लैकआउट' के कारण आईपीएल मैच रद्द

धर्मशाला/भाषा। पड़ोसी शहर जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच बीच में ही रद्द कर दिया गया जिससे भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण पूरी लीग के रद्द होने का खतरा पैदा हो गया। पंजाब की टीम 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना चुकी थी जब लाइटें चली गईं लेकिन इसका कारण पहले 'फ्लडलाइट' की खराबी बताया गया था। बारिश के कारण खेल निर्धारित समय से देरी से शुरू हुआ था। आखिरकार टीमों और दर्शकों को उनकी सुरक्षा के लिए स्टेडियम से बाहर निकाला गया। यहां के खूबसूरत मैदान की क्षमता लगभग 23,000 है और खाली कराए जाने के समय यह लगभग 80 प्रतिशत भरा हुआ था। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''दर्शकों में कोई घबराहट नहीं थी।

### रॉबर्ट प्रीवोस्ट नए पोप, लियो 14वे के नाम से जाने जाएंगे

**वेटिकन सिटी, 8 मई (एपी)** कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट को वेटिकन के बिशप के सबसे प्रभावशाली कार्यालय का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है। कैथोलिक चर्च के इतिहास के दो हजार साल के इतिहास में यह पहला मौका है जब कोई अमेरिकी पोप चुना गया है। पेरू में सेवा करते हुए अब तक अपना जीवन बिताने वाले 69 वर्षीय प्रीवोस्ट को लियो 14वें के नाम से जाना जाएगा।

### राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर नई याचिका दाखिल

**लखनऊ/भाषा।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग वाली एक नई याचिका बृहस्पतिवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में दायर की गई। याचिका में मामले पर फैसला आने तक गांधी की विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई है। यह याचिका कर्नाटक निवासी एस.वी. शिशिर ने अदालत की रजिस्ट्री के माध्यम से प्रस्तुत की गई है। रजिस्ट्री ने सुनवाई के लिए अभी याचिको को सुनवाई के लिए मंजूरी नहीं दी है। इसकी मंजूरी के बाद याचिका अदालत के सामने सुनवाई के लिए पेश की जाएगी। गौरतलब है कि याची ने पहले भी राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर याचिका दाखिल की थी। उनके द्वारा दायर एक याचिका का निपटारा पांच मई, 2025 को न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति राजीव सिंह की पीठ ने किया था।

| सूर्यास्त 09-05-2025 | सूर्योदय 10-05-2025 |
| --- | --- |
| 6:25 बजे | 5:44 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 80,334.81 | 24,273.80 |
| (-411.97) | (-140.60) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 101,137 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | 111,000 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सिंदूर की कीमत

खड़ा हो शेर जब सम्मुख,
नहीं लंगूर की कीमत।
न अंधा आंक सकता है,
किसी भी हूर की कीमत।
पड़े जब लात दुश्मन पर,
करे तब शूर की कीमत।
समझ में आ गई अब
पाक को सिंदूर की कीमत।





# बीकानेर सिलेंडर ब्लास्ट : 9 मौतें, लाखों का सोना मलबे में दबा, दुकानदारों ने कहा- ऐसा लगा जैसे एयर स्ट्राइक हो गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। मदान मार्केट में हुए सिलेंडर ब्लास्ट ने पूरे शहर को झकझोर दिया। बुधवार सुबह करीब 11 बजे हुए इस धमाके ने दो फ्लोर वाले बेसमेंट को पूरी तरह मलबे में तब्दील कर दिया। गुरुवार को मलबे से 5 और शव निकाले गए, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। मौके पर गुरुवार सुबह भी प्रशासनिक अमला और रेस्क्यू टीमें जुटी रहीं, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अंदर और कितने लोग फंसे हैं।

उधर, पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने एक्स हैंडल पर लिखा- बीकानेर में गैस सिलेंडर फटने से 9 लोगों की दुखद मौत की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इस कठिन समय में ईश्वर उन्हें यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। जिसने भी धमाके की आवाज़ सुनी, वह सिहर उठा। एक दुकानदार ने बताया, धमाका इतना जबरदस्त था कि एक पल को लगा जैसे एयर स्ट्राइक हो गई हो। मार्केट के पास रहने वालों को तो शुरूआत में समझ ही नहीं आया कि हुआ क्या है। देखते ही देखते पूरा बेसमेंट और उसकी दो मंज़िलें ज़मींदोज़ हो गईं। सड़कों पर धुआं, चीख-पुकार और धूल का गुबार छा गया। बेसमेंट में हुए धमाके ने रेस्क्यू ऑपरेशन को और भी मुश्किल बना दिया है। एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस और फायर ब्रिगेड की टीमें लगातार काम कर रही हैं, लेकिन हर कदम पर मलबा और अस्थिर ढांचे आड़े आ रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अंदर फंसे लोगों की संख्या को लेकर अब भी स्पष्टता नहीं है। मलबा हटाते वक्त शव मिलने की आशंका लगातार बनी हुई है।

यह मार्केट बीकानेर की ज्वेलरी मेकिंग का केंद्र था। यहां करीब 25 दुकानें थीं, जिनमें हर रोज हजारों की संख्या में सोने के गहनों का काम होता था। जानकारी के अनुसार, दुकानदार यहां घरेलू उपयोग के अवैध गैस सिलेंडरों से काम करते थे, जो कि सुरक्षा मानकों का खुला उल्लंघन है। प्रशासन ने अब जांच के आदेश दे दिए हैं कि इतने बड़े स्तर पर गैस सिलेंडर कैसे इस्तेमाल हो रहे थे।

धमाके ने सिर्फ ज़िंदगियाँ ही नहीं छीनीं, बल्कि व्यापारियों की वर्षों की मेहनत भी चंद सेकेंड में राख कर दी। दुकानदार विकास सोनी ने बताया, मेरी दुकान में करीब 160 ग्राम सोना था, सब मलबे में दब गया। अगर मैं 10 मिनट पहले पहुंचता, तो शायद मैं भी नहीं बचता। उन्होंने आगे बताया कि हर दुकान में औसतन 100 ग्राम से ज़्यादा सोना रहता था। ऐसे में मलबे के नीचे लाखों रुपए की संपत्ति दबी हुई है, जिसकी सुरक्षा और रिकवरी भी अब प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती है।

सवाल ये उठ रहा है कि इतनी बड़ी दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कौन है? क्या प्रशासन को इस अवैध सिलेंडर के उपयोग की जानकारी नहीं थी? अगर थी, तो कार्रवाई क्यों नहीं की गई? और अगर नहीं थी, तो रेगुलेटरी सिस्टम की विफलता कौन स्वीकारेगा? अब तक प्रशासन ने जांच के आदेश तो दे दिए हैं, लेकिन व्यापारियों और मृतकों के परिजनों को न्याय और मुआवज़ा कब मिलेगा, यह सवाल बना हुआ है।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक

बीकानेर में गैस सिलेंडर फटने से हुए हादसे पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने मृतकों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।





मुख्यमंत्री ने इस हादसे को अत्यंत हृदयविदारक बताते हुए कहा कि जिला प्रशासन दुर्घटना के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्यों में तत्परता से जुटा हुआ है। घायलों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने प्रभु श्री राम से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की।इस दुखद घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है, और प्रशासन राहत कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है। हादसे के कारणों की जांच और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपेक्षा की जा रही है।

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से पांच लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के बूंदी जिले के रायथल थाना क्षेत्र में गुरुवार को बारात की ट्रैक्टर ट्रॉली पलट जाने से एक बच्ची सहित पांच लोगों की मौत हो गई जबकि करीब बीस लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में चौतरा का खेड़ा गांव से एक बारात माटुंदा गांव जा रही थी कि रास्ते में एक स्थान पर मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक बच्ची और चार महिलाओं की मृत्यु हो गई। हादसे के घायलों को बूंदी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को कोटा भेजा गया है।

मृतकों में करीब आठ साल की किरण के अलावा महिलाओं में कोमल, ज्योति, शांति और कृष्णा शामलि बताई जा रही है। हादसे के बाद बूंदी कलेक्टर अक्षय गोदारा अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिले और चिकित्सकों को बेहतर इलाज का निर्देश दिया।

हादसे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताते हुए कहा कि बूंदी में भीषण सड़क दुर्घटना में जनहानि एवं कई नागरिकों के घायल होने का समाचार सुनकर मन दुखी है। शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित चिकित्सीय उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने प्रभु श्रीराम से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं घायलों को अति शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की प्रार्थना की।

# जयपुर में एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाने की मिली धमकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में सवाई मान सिंह स्टेडियम को गुरुवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद को मेल करके दी गई है। इसका पता चलने पर खेल परिषद के अध्यक्ष नीरज के पवन ने इसके बारे में बताया कि सुबह नौ बजकर तेरह मिनट पर ईमेल आया और कर्मचारियों ने ईमेल को खोलकर देखने पर पता चला कि उसमें स्टेडियम को बम से उड़ने की धमकी दी गई हैं। ईमेल पाकिस्तान जेके वेब नाम की मेल आईडी से भेजा गया है जिसमें लिखा है ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए स्टेडियम में बम विस्फोट करेंगे।

अगर हो सके तो सबको बचा लो। इसके बाद प्रशासन एवं पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए स्टेडियम को खाली कराया और बम स्क्वाड, डॉग स्क्वाड और एटीएस की टीमें मौके पर पहुंचकर पूरे स्टेडियम की तलाशी ली गई जहां बम जैसी कोई चीज नहीं मिली। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर चलाने के बाद प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था चॉक-चौबंद हैं और सतर्कता बरती जा रही है।



# राजस्थान पुलिस की अपराध शाखा के 195 पुलिस अधिकारी एवं कार्मिक सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


जयपुर। राजस्थान में सीआईडी अपराध शाखा के 195 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक, राजस्थान पुलिस सेवा पदक, उत्कृष्ट एवं अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उत्तम, अति उत्तम एवं सर्वोत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया हैं। इसके लिए जलमहल के सामने स्थित सीआईडी सीबी लाईन में गुरुवार सुबह आयोजित अलंकरण समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एम एन ने इन पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।

एम एन ने इस अवसर पर सम्मानित होने वाले अधिकारियों एवं कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा आपने अपने कर्तव्य निष्ठा, साहस एवं समर्पण के माध्यम से विशिष्ट पहचान बनाई है। आपके द्वारा प्राप्त किए गए यह पदक केवल आपकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का प्रतीक ही नहीं बल्कि उस उच्च मानक को भी प्रदर्शित करता है, जिसके लिए हमारा पूरा पुलिस बल प्रतिबद्ध है। आपका उदाहरण दूसरे पुलिसकर्मियों को भी अपना उच्चतम प्रदर्शन प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करता है। समारोह में उत्कृष्ट, सराहनीय एवं प्रशंसनीय सेवाएं प्रदान करने वाले छह पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक, एक पुलिस कर्मी को राजस्थान पुलिस सेवा पदक, आठ को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, नौ को उत्कृष्ट सेवा पदक तथा 27 को सर्वोत्तम सेवा चिह्न, 32 अति उत्तम सेवा चिह्न एवं 112 पुलिसकर्मियों को उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महानिरीक्षक पुलिस अपराध शाखा परम ज्योति एवं सत्येंद्र सिंह, उपमहानिरीक्षक पुलिस प्रहलाद कृष्णिया एवं पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण दास, राजेश कांवट, सतनाम सिंह तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्श चौधरी, उपनिरीक्षक राजेश कुमार शर्मा, महेश कुमार टांक, हैड कांस्टेबल सायर सिंह, कांस्टेबल मनीषा कुमारी एवं राजेश कुमार यादव को एवं राजस्थान पुलिस सेवा पदक से हैड कांस्टेबल चन्द्र सिंह को सम्मानित किया गया। इसी तरह अति उत्कृष्ट सेवा पदक से उपनिरीक्षक कबीर खान, मोहम्मद यूसुफ खान, एएसआई कांता देवी, त्रिलोक चंद, हेड कांस्टेबल भौरे लाल शर्मा, कांस्टेबल कजोड मल सैनी, सुनीता माथुर एवं मुफरूद्दीन को सम्मानित किया गया।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पंजाब, राजस्थान 'हाई अलर्ट' पर, छुट्टियां रद्द, स्कूल बंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




चंडीगढ़/जयपुर। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले करने के बाद पंजाब और राजस्थान 'हाई अलर्ट' पर हैं क्योंकि दोनों राज्य पड़ोसी देश के साथ सीमाओं को साझा करते हैं। पाकिस्तान के साथ पंजाब 532 किलोमीटर जबकि राजस्थान लगभग 1,070 किलोमीटर की सीमा साझा करता है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि पंजाब पुलिस ने अपने सभी कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं, जबकि राज्य सरकार ने छह सीमावर्ती जिलों में स्कूल बंद कर दिए हैं। सूत्रों ने कहा कि राजस्थान सरकार ने भी सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सभी प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस कर्मियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया है।

पहलगाम हमले के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत मंगलवार रात को सैन्य हमले किए गए थे। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के कार्यालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है, प्रशासनिक कारणों के मद्देनजर, पंजाब पुलिस के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की छुट्टियां सात मई से रद्द कर दी गई है। आदेश में कहा गया है, छुट्टियां केवल विशेष परिस्थितियों में सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी पर प्रदान की जानी चाहिए।

बढ़ते तनाव के बीच पंजाब के छह सीमावर्ती जिलों - फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, अमृतसर, गुरदासपुर और तरन तारन में सभी स्कूल अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं। पंजाब के मंत्री अमन अरोड़ा ने बुधवार को कहा, पंजाब पाकिस्तान के साथ 532 किलोमीटर की सीमा साझा करता है। इसलिए, किसी भी सैन्य तनाव के दौरान पंजाब सरकार की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। सीमा के पास के सभी जिलों को 'हाई अलर्ट' पर रखा गया है। मौजूदा हालात के मद्देनजर सरकार ने सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को भी रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा, रक्षा की दूसरी पंक्ति के रूप में पंजाब पुलिस भी पूरी तरह से तैयार है। किसी भी तरह के पाकिस्तानी हमले की स्थिति में उसका उचित जवाब देने के लिए पंजाब पुलिस हर लड़ाई में सेना के साथ शामिल होगी।

राजस्थान में एहतियाती कदम के तहत चार सीमावर्ती जिलों - गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर में सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि इन चार जिलों के प्रशासन ने किसी भी आपातकालीन स्थिति की तैयारी की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बढ़ते तनाव के मद्देनजर सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियों को रद्द करने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने कहा कि मुख्य सचिव सुधांश पंत और डीजीपी यू. आर. साहू ने भी संभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और उन्हें अपने संबंधित मुख्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। राज्य भर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# एमएलए घूसकांड : विधायक और उसके भाई को भेजा जेल, रुपए छिपाने वाले दो दिन की रिमांड पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। टोडाभीम में माइंस व्यापारी के खिलाफ विधानसभा में लगाए सवालों को वापस नहीं लेने की एवज में 20 लाख रुपए की घूस लेने के मामले में एसीबी ने बागीदौरा (बांसवाड़ा) के भारत आदिवासी पार्टी (बाप) के विधायक जयकृष्ण पटेल समेत चार जनों को बुधवार को एसीबी कोर्ट में पेश किया, जहां से विधायक और उसके भाई विजय कुमार पटेल को जेल भेज दिया और घूस के 20 लाख रुपए छिपाने वाले विधायक के पीए रोहित के मामा जसवंत और जगराम को दो दिन की रिमांड पर भेज दिया।

20 लाख में से निकाले 83 हजार रुपए: एसीबी ने गिरफ्तार किए जसवंत और जगराम से बरामद किए 20 लाख रुपयों के बारे में जानकारी



जुटाई तो 83 हजार रुपए के नोट कम मिले हैं। ये 83 हजार रुपए किसने बैग से निकाले इसकी रिकवरी के लिए जगराम और जसवंत को रिमांड पर लिया है। एसीबी अब इन नोटों की तस्दीक कर रही है। एसीबी ने बुधवार को भी रुपए लेकर फरार हुए विधायक पटेल के पीए रोहित मीणा को पकड़ने के लिए दबिश दी लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। विधायक पटेल ने गिरफ्तार जगराम और जसवंत को भी पहचानने से इनकार कर दिया।

विधायक पटेल से मिलने पहुंचे परिवादी रविन्द्र को उनके सुरक्षाकर्मी ने वाहन और घर की चाबियों सहित मोबाइल व पेन जमा कराए। मुलाकात के दौरान विधायक ने राशि के बारे में पूछा, जिस पर रविन्द्र ने बताया कि वह पहले से तय 20 लाख रुपए लाया है और शेष 20 लाख शाम तक देगा। विधायक ने करौली के खनन अभियंता डीएस मीणा को कॉल कर कहा कि विधानसभा में उठाए गए मुद्दे पर अब नरमी बरतें।

एसीबी ने कहा कि विधायक पटेल पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इनके मोबाइल में भी कई सबूत हैं, उनके बारे में भी पूछताछ की जाएगी। विजय पटेल ने भी अभी पूरी जानकारी नहीं दी है। एसीबी दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। जगराम और जसवंत से रोहित मीणा के बारे में जानकारी जुटानी है। रुपए किस तरह से लिए और कहां पहुंचाने थे। इसकी पूरी टाइमिंग का खुलासा होना है।

# पाकिस्तानी हमले की आशंका पर राजस्थान अलर्ट मोड में: कलेक्टरों को गाइडलाइन जारी, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पर निगरानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद देशभर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। राजस्थान सरकार ने भी हालात की गंभीरता को देखते हुए राज्य के सभी जिलों में विशेष गाइडलाइन जारी की है। गृह विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में साफ कहा गया है कि पाकिस्तानी हमले की स्थिति में न केवल मेडिकल इमरजेंसी बल्कि सामाजिक, प्रशासनिक और साइबर मोर्चों पर भी पूरी तैयारी होनी चाहिए। राज्य के सभी कलेक्टरों और एसपी को विशेष आदेश दिए गए हैं कि वे अपने जिलों में आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों को तुरंत अमल में लाएं। जिन स्कूलों और अस्पतालों को अस्थायी राहत केंद्र के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, वहां जनरेटर, मेडिकल स्टाफ, दवाइयों और ब्लड बैंक की व्यवस्था तुरंत सुनिश्चित की जाए।


गाइडलाइन के मुताबिक जीवन रक्षक दवाओं और सभी ब्लड ग्रुप्स के पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जाए। सभी सरकारी अस्पतालों में स्टाफ को अलर्ट पर रखा गया है और इमरजेंसी ड्यूटी प्लान भी तैयार करने के निर्देश हैं। राज्य सरकार ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ और देशविरोधी पोस्टों को लेकर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर और एसपी खुद इसकी मॉनिटरिंग करेंगे और निचले स्तर पर भी साइबर निगरानी तंत्र को सक्रिय रखा जाएगा। जो कोई भी राष्ट्रविरोधी पोस्ट करेगा, उसकी तुरंत गिरफ्तारी होगी।

आपूर्ति विभाग और कलेक्टरों को निर्देश हैं कि रोजमर्रा की वस्तुओं की उपलब्धता बनी रहे। अनावश्यक जमाखोरी पर रोक लगे और खाद्य आपूर्ति की चेन में किसी भी तरह की बाधा न आए। जलदाय विभाग को इमरजेंसी स्थितियों में निर्बाध जल आपूर्ति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। गाइडलाइन के अहम बिंदुओं में सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों को सेना और सुरक्षा एजेंसियों के साथ निरंतर संपर्क में रहने को कहा गया है। खासकर बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर और बाड़मेर जैसे जिलों में आर्मी मूवमेंट और सिविल सपोर्ट की प्लानिंग पहले से होनी चाहिए।

कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि पाकिस्तान बॉर्डर से सटे गांवों में रहने वाले लोगों को हमले की आशंका की स्थिति में किस तरह शिफ्ट किया जाएगा, उसकी योजना तैयार रखें। सुरक्षित स्थानों की पहचान, रूट प्लानिंग और ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित हो।

# सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए कांग्रेस आज निकालेगी तिरंगा यात्रा

जयपुर। भारतीय सेना के पराक्रम एवं शौर्य के सम्मान तथा देश के सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अपने प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में शुक्रवार को राजधानी जयपुर में तिरंगा यात्रा निकालेगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि देश के निर्दोष नागरिकों की हत्या में शामिल आतंकवादियों के विरुद्ध सेना द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्यवाही की गई है और भारतीय सेना एवं सशस्त्र बलों द्वारा देश के दुश्मनों के विरुद्ध प्रदर्शित पराक्रम एवं शौर्य के सम्मान में तथा सशस्त्र बलों के मनोबल को बढ़ाने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को यहां अपराह्न चार बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय जयपुर से शहीद स्मारक तक डोटासरा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।



# 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित, लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में बृहस्पतिवार को 12वीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए जिसमें उत्तीर्ण प्रतिशत के मामले में लड़कियों ने लड़कों को भारी अंतर से पछाड़ दिया। लड़कियों और लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत क्रमशः 96.70 और 93.16 रहा। लड़कियों का पास प्रतिशत लड़कों से लगभग 3.54 प्रतिशत अधिक है। इस बार कुल सात लाख से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 95.03 रहा जो 2024 के 94.56 प्रतिशत के मुकाबले 0.47 अधिक है। तीन से 25 मार्च तक आयोजित परीक्षा में शामिल हुए 7,92,494 विद्यार्थियों में से 7,53,142 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

तमिलनाडु के सरकारी परीक्षा निदेशालय और राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने यहां घोषणा की कि 4,19,316 लड़कियों और 3,73,178 लड़कों ने परीक्षा दी और उनमें से 4,05,472 लड़कियां और 3,47,670 लड़के उत्तीर्ण हुए। 10,049 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा निदेशालय के मुताबिक, अरियालुर जिला (98.82 प्रतिशत), इरोड (97.98 प्रतिशत), तिरुपुर (97.53 प्रतिशत), कोयंबटूर (97.48 प्रतिशत) और कन्याकुमारी (97.01 प्रतिशत) राज्य में सबसे अधिक उत्तीर्ण प्रतिशत हासिल करने वाले शीर्ष पांच जिलों में शामिल रहे।

परीक्षा परिणाम की घोषणा से पहले मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने छात्रों और उनके अभिभावकों से अपील की कि वे इन नतीजों को अंतिम परिणाम न मानें। स्टालिन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, समय उन लोगों को भी अवसर देगा जो उत्तीर्ण नहीं हो पाए और जिन्हें अपेक्षित अंक नहीं मिले। यह आपके जीवन की शुरुआत है। इन परीक्षा परिणामों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ देखें कि आपका सबसे अच्छा दौर अभी आने वाला है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों पर किसी तरह का दबाव न डालें बल्कि उनके विकास के अगले चरण के लिए एक अच्छे दोस्त की तरह उनका साथ दें।

# वरिष्ठ मंत्री दुरईमुरुगन को कानून विभाग का प्रभार मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन को बृहस्पतिवार को कानून विभाग का प्रभार दिया गया। राजभवन ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की सिफारिश के आधार पर, कानून विभाग का प्रभार दुरईमुरुगन को सौंपा गया है। इसके अलावा, खनिज और खान विभाग एस रेगुपति को आवंटित किया गया है और उन्हें प्राकृतिक संसाधन मंत्री का दर्जा दिया गया है।

# सनी जोसेफ केरल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त, अदूर प्रकाश यूडीएफ के संयोजक बने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम्/नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने केरल में अपने वरिष्ठ नेता और विधायक सनी जोसेफ को पार्टी की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, लोकसभा सदस्य अदूर प्रकाश को विपक्षी गठबंधन संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) का संयोजक बनाया गया है।

विधायक पी.सी. विष्णुनाथ, ए पी अनिल कुमार और सांसद शफी फरांबिल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

सनी जोसेफ ने के. सुधाकरन का स्थान लिया है। सुधाकरन को कांग्रेस कार्य समिति का स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। पी.सी. विष्णुनाथ को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। कोडिकोनिल सुरेश, टी एन प्रतापन और टी सिद्दीकी को कार्यकारी अध्यक्ष पद से मुक्त किया गया है। केरल में अगले साल मार्च-अप्रैल में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है।

कांग्रेस ने बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को कांग्रेस कार्य समिति का स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया है।

# कोट्टायम में महिला की मौत पहले मानी गई दुर्घटना, जांच में सामने आई हत्या की बात

**कोट्टायम/भाषा।** केरल के कोट्टायम जिले में दो दिन पहले एक सड़क दुर्घटना को 35 वर्षीय महिला की मौत का कारण माना जा रहा था, लेकिन पुलिस ने बृहस्पतिवार को खुलासा किया कि यह एक सुनियोजित हत्या थी। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। करुकचल पुलिस के अनुसार, आरोपियों में से एक मृतक महिला का दोस्त था। पुलिस ने अंशद कबीर (37) और उजास अब्दुस्सलाम (35) को गिरफ्तार किया है। घटना छह मई को सुबह आठ बजकर 45 मिनट पर हुई, जब महिला अपने कार्यस्थल की ओर पैदल जा रही थी और तभी एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि अस्पताल पहुंचाए जाने से पहले उसकी मौत हो चुकी थी और उसी दिन मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के दौरान महिला को टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में सुराग जुटाए। जांच में यह भी सामने आया कि वाहन का चालक मृतक महिला का करीबी दोस्त था और यह एक हत्या थी।

# सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की तैयारी करने के आरोप में केरल का छात्र कार्यकर्ता गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम्/नागपुर/भाषा।** केरल के एक छात्र कार्यकर्ता और 'स्वतंत्र पत्रकार' को यहां 'भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की तैयारी' करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि केरल के एडापल्ली निवासी रेजाज़ एम. शीबा सिद्दीक (26) के साथ नागपुर में रहने वाली उसकी महिला मित्र को भी गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि लकड़गंज थाने के अधिकारियों ने बुधवार को सिद्दीक को भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 149 (भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की तैयारी करना), 192 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसावे की कार्रवाई करना), 351 (आपराधिक धमकी) और 353 (सार्वजनिक उपद्रव के लिए उकसाने वाले बयान) के अलावा अन्य प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद उसकी मित्र नागपुर निवासी ईशा कुमारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, उन्होंने उसके खिलाफ लगे आरोपों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी।

डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स एसोसिएशन (डीएसए) की केरल राज्य समिति की सदस्य निहारिका प्रदौश ने पीटीआई-भाषा' को बताया कि डीएसए से जुड़ा सिद्दीक दिल्ली से केरल लौट रहा था और इस दौरान एक मित्र से मिलने के लिए शहर आया था जहां उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि वह 'मकतूब मीडिया' और 'द ऑब्जर्वर पोस्ट' जैसे मंचों के लिए लिखता था, जिनमें जातिगत भेदभाव, सांप्रदायिक हिंसा, राज्य दमन और हाशिए पर पड़े समुदायों के अधिकारों से संबंधित लेख शामिल हैं। प्रदौश ने बताया कि वह भारत में जेल में बंद पत्रकारों की रिहाई की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता में भाग लेने के लिए दिल्ली गया था।

# मलप्पुरम जिले में निपाह वायरस का मामला सामने आया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले में निपाह वायरस से संक्रमण का एक मामला सामने आया है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जॉर्ज ने बताया कि मलप्पुरम के वलंचेरी में रहने वाली एक महिला में निपाह वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि महिला का पेरिंतलमन्ना के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि महिला पिछले एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थी और उसमें बाद में खांसी व सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण भी उभरे थे। उन्होंने कहा कि महिला में निपाह वायरस से संक्रमण की आशंका के चलते उसके नमूने जांच के लिए पुणे की विषाणुविज्ञान प्रयोगशाला भेजे गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, प्रयोगशाला ने जांच के बाद पुष्टि की कि महिला निपाह वायरस के संक्रमण से जूझ रही है।

## जीसीसी कॉन्क्लेव — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के पीनया में सुराणा कॉलेज शैक्षणिक संस्थान में आयोजित जीसीएस कॉन्क्लेव के चौथे संस्करण में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार उपस्थित थे। उन्होंने पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर आदि चुंचनगिरी मठ के प्रमुख श्री निर्मलानंदनाथ स्वामीजी और कॉलेज के प्रमुख डॉ. दिलीप सुराणा, पद्मश्री पुरस्कार विजेता जोगती मंजम्मा, एथर एनर्जी के संस्थापक तरुण मेहता, सेंट जॉन नेशनल एकेडमी ऑफ हेल्थ साइंसेज के निदेशक फादर जेसुदोस राजमणिकम और अन्य उपस्थित थे।

# बेलगावी में कर्नल सोफिया कुरैशी का घर बना देशभक्ति का प्रतीक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेलगावी।** कर्नाटक के बेलागावी जिले के कोन्नूर गांव में मोहम्मद गौस सब बागेवाड़ी का घर राष्ट्रीय गौरव का केंद्र बन गया है, जहां आगंतुकों और शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है, वजह है कि उनकी पुत्रवधू कर्नल सोफिया कुरैशी पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए चलाए गए भारतीय सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में टीवी पर जानकारी देने के लिए आई थीं। कर्नल कुरैशी गौस सब बागेवाड़ी के बेटे ताजुद्दीन बागेवाड़ी की पत्नी हैं। उन्हें आसियान प्लस बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'फोर्स 18' में सैन्य दल का नेतृत्व करने वाली पहली भारतीय महिला अधिकारी होने का गौरव प्राप्त है।

कर्नल कुरैशी जम्मू में तैनात हैं जबकि उनके पति झांसी में कार्यरत हैं। गौस सब बागेवाड़ी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान गर्व व्यक्त करते हुए कहा, मुझे कल दोपहर को पता चला। जब मैंने उन्हें (सोफिया कुरैशी) टीवी पर देखा तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सुबह से ही लोग हमें बधाई देने के लिए हमारे घर आ रहे हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को अपने बेटे से बात करने का जिक्र किया, लेकिन बहू से बात करने का मौका नहीं मिल सका। बागेवाड़ी के अनुसार, बुधवार को जब कर्नल कुरैशी टेलीविजन पर दिखाई दीं तो उनके घर में उत्सव का माहौल बन गया। उन्होंने कहा, यह ईद जैसा जश्न था। हमारे सभी रिश्तेदार और दोस्त हमारे घर आकर हमसे मिल रहे हैं। समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की भारी भीड़ उनके आवास के बाहर एकत्र हुई और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' व 'जय हिंद' के नारे लगाए। पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए बागेवाड़ी ने कहा, जिन आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मार दी, उनमें मानवता नहीं है। वे शैतान हैं। अल्लाह भी उन्हें माफ नहीं करेगा। उन्हें अपने कर्मों की सजा यहीं मिलेगी। पड़ोसी देश के बारे में उन्होंने कहा, पाकिस्तान एक राक्षस है। यह कभी सामने से हमला नहीं करता। यह हमेशा पीछे से निशाना बनाता है। बागेवाड़ी ने अपने इलाके में शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पर जोर दिया, जहां मराठों समेत विभिन्न समुदायों के लोग रहते हैं। उन्होंने कहा, मेरे सभी पड़ोसी यह देखकर गौरवान्वित हैं कि मेरे बच्चे सेना में सेवाएं दे रहे हैं। वे बेहद खुश थे। उन्होंने मुझे आमंत्रित किया और मेरा सम्मान किया।

# भारत-पाक तनाव के मद्देनजर कर्नाटक सरकार ने एहतियाती कदम उठाए : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मंड्या।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार ने पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया है और ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर एहतियाती कदम उठाए हैं। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन किया जा रहा है। सिद्दरामय्या ने राज्य में बांधों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाए जाने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, ''हमने हर जगह अलर्ट जारी कर दिया है, क्योंकि कभी भी कुछ भी हो सकता है। हमने सतर्कता बरती है।'' उन्होंने कहा कि सभी स्थानों पर 'मॉक ड्रिल' आयोजित की जा रही है और केंद्र द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि राज्य सरकार ने कर्नाटक में अभी भी मौजूद कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है, मुख्यमंत्री ने कहा, ''लगभग सभी लोग चले गए हैं। मैसूरु का एक परिवार अदालत चला गया है। शायद ऐसे ही मामलों में कुछ बचे होंगे, नहीं तो सभी चले गए हैं।'' उन्होंने कहा कि राज्य में अभी भी कितने पाकिस्तानी नागरिक मौजूद हैं, इसकी सही संख्या के बारे में उनके पास जानकारी नहीं है।

# भारतीय सेना के चिकित्सा शिविर में 200 से ज्यादा लोग लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** भारतीय सेना ने गुरुवार को प्रमुख नागरिक-सैन्य आउटरीच पहल के तहत वैदेही वीमन एंड चाइल्ड फाउंडेशन और होसमत हॉस्पिटल के साथ साझेदारी में बनासवाड़ी सैन्य छावनी में व्यापक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

त्रिवेंद्रम ब्रिगेड, बाइसन डिवीजन के तत्वावधान में इन्फैंट्री बटालियन द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य वंचित समुदायों, विशेषकर झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों और सेवारत सैनिकों के आश्रितों को जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था।

एक दिवसीय शिविर में सामान्य एवं विशेषज्ञ परामर्श, रक्तदान अभियान और निःशुल्क दवाइयों के वितरण सहित अनेक प्रकार की सेवाएं दी गईं। डॉक्टरों, स्त्री रोग विशेषज्ञों, पल्मोनोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक और कैंसर विशेषज्ञों वाली एक बहु-विषयक टीम ने 200 से ज्यादा रोगियों का इलाज किया। सभी रोगियों को होसमत हॉस्पिटल में मुफ्त परामर्श की निरंतर पहुंच का आश्वासन दिया गया। वैदेही फाउंडेशन की उमा आर्य ने सहयोग की सराहना की और कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में अंतराल को पाटने के लिए इस तरह के संयुक्त प्रयास महत्त्वपूर्ण हैं।

शिविर में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसकी सराहना की। इस शिविर के आयोजन से न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा, बल्कि सामुदायिक सेवा के एक स्तंभ के रूप में भी सेना की भूमिका को बल मिला। इसके जरिए भारतीय सेना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उसकी ताकत सिर्फ हथियारों में नहीं, बल्कि अपने लोगों के प्रति करुणा, सहयोग और अटूट प्रतिबद्धता में निहित है।

# केनरा बैंक का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 28 प्रतिशत बढ़कर 5,070 करोड़ रुपये पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 28 प्रतिशत बढ़कर 5,070 करोड़ रुपये हो गया। प्रावधान में कमी और गैर-प्रमुख आय में वृद्धि से बैंक का मुनाफा बढ़ा है।

वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 3,951 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में उसका शुद्ध लाभ 17,540 करोड़ रुपये रहा, जो 2023-24 में 15,279 करोड़ रुपये रहा था।

केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्यनारायण राजू ने कहा कि बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2025-26) में 10-11 प्रतिशत ऋण वृद्धि का लक्ष्य रखा है, जबकि जमा वृद्धि को भी नौ प्रतिशत से अधिक बनाए रखा जाएगा। बैंक ने कहा कि 11 प्रतिशत ऋण वृद्धि के बावजूद समीक्षाधीन तिमाही में उसकी मूल शुद्ध ब्याज आय 1.44 प्रतिशत घटकर 9,442 करोड़ रुपये रह गई, जबकि शुद्ध ब्याज मार्जिन 0.25 प्रतिशत घटकर 2.80 प्रतिशत रह गया। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की गैर-ब्याज आय 21.74 प्रतिशत बढ़कर 6,351 करोड़ रुपये हो गई। इसमें बट्टे खाते में डाले गए खातों से वसूली 30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,471 करोड़ रुपये हो गई। ट्रेजरी आय 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 995 करोड़ रुपये रही।

तिमाही के दौरान बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात दिसंबर के 3.34 प्रतिशत से घटकर 2.94 प्रतिशत रह गया। बैंक ने बताया कि उसका कुल प्रावधान घटकर 1,831 करोड़ रुपये रह गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी समय 2,483 करोड़ रुपये था। हालांकि, एनपीए के लिए प्रावधान 2,282 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,849 करोड़ रुपये हो गया।

## सुविचार

**जो आपको दुखी करता है वह एकमात्र पाप है। जो आपको अपने आप से दूर ले जाता है, केवल उसी से बचना चाहिए।**


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बड़ी गलती कर दी मुनीर ...

पाकिस्तान और पीओके में भारतीय हवाई हमलों में मारे गए आतंकवादियों के जनाजों में जिस तरह वहां के फौजी अधिकारी शामिल हो रहे हैं, उससे एक बार फिर पुष्टि हो गई है कि इस पड़ोसी देश को दहशतगर्दों से बड़ा लगाव है। पाकिस्तानी फौज ने आतंकवादियों के शवों को राष्ट्रीय ध्वज से ढका था। क्या मारे गए लोग कोई समाज सुधारक थे? ये आतंकवादी जब तक ज़िंदा रहे, पाकिस्तान इनका इस्तेमाल खून-खराबे के लिए करता रहा। अब जबकि इन्हें अपनी करतूतों की सज़ा मिल गई है, पाकिस्तान इनके शवों की प्रदर्शनी लगाकर सहानुभूति बटोर रहा है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर इस काम में जोर-शोर से लगे हुए हैं। उन्होंने पहलगाम हमले से पहले 'दो क़ौमी' नज़रिए का राग अलापा था। अब वे पीओके में मारे गए आतंकवादियों के आखिरी दीदार कर रहे हैं। उन्होंने जो रोनी सूरत बनाई थी, उसे देखकर तो पाकिस्तानी ड्रामों के कलाकार भी हैरान रह गए होंगे। मुनीर ने सोचा नहीं होगा कि उनकी हरकतों के जवाब में पीओके से लेकर पाकिस्तान की जमीन पर भारत की मिसाइलें कहर बरपाएंगी। उन्होंने एक बार फिर हिमाकत की, जिसके जवाब में भारत ने लाहौर का एयर डिफेंस सिस्टम उड़ा दिया! पाकिस्तान ने ड्रोन्स के ज़रिए अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट समेत कई जगहों पर भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिशें कीं, लेकिन उन्हें एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम ने बेअसर कर दिया। भारत के पास इसके पक्के सबूत हैं। हमारी जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान में कई जगहों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों ने जिस तरह दम तोड़ा, उससे वहां की जनता में भारी घबराहट है।


पाकिस्तानी अख़बार, टीवी चैनल और सोशल मीडिया अकाउंट चाहे जितने झूठे दावे कर लें, उन्हें धीरे-धीरे यह बात समझ में आने लगी है कि आसिम मुनीर ने बड़ी गलती कर दी। अब तो पाकिस्तान में आतंकवादी भी सुरक्षित नहीं हैं! वे अपने अड्डों में दुबके हुए हैं। क्या पता कब इमारत की छत फोड़कर भारतीय मिसाइल उन्हें परलोक पहुंचा दे! पाकिस्तानी नेता और अधिकारी कह रहे हैं कि जनता बड़ी-से-बड़ी कुर्बानी देने के लिए तैयार है। भारतविरोध और मजहब के नाम पर पाकिस्तान की जनता से कथित कुर्बानी खूब ले ली। अब कुर्बानी देने की बारी हाफिज सईद, जकीउर्रहमान लखवी जैसे आतंकवादियों की है। मौलाना मसूद अजहर का कुनबा तो 'साफ' हो गया है। भारत के सख्त रुख को देखकर यह भरोसा और मजबूत हो जाता है कि पाकिस्तान के शीर्ष आतंकवादियों के दिन गिनती के बचे हैं। जल्द ही उनका नंबर लगने वाला है। इस बार भारत सरकार ने पक्का इरादा कर लिया है कि पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना है, जिसे वह वर्षों तक याद रखे। मिसाइल और ड्रोन हमलों से उसे चोट जरूर लगी है, लेकिन इससे ज्यादा घातक प्रहार होना बाकी है। जब सिंधु जल संधि के तहत मिलने वाले पानी में भारी कटौती होगी, तब असली खेल शुरू होगा। अगर भारत सरकार एक चौथाई या आधा पानी भी रोक दे तो पाकिस्तान घुटने टेकने को मजबूर हो जाएगा। सिंधु जल संधि स्थगित रहते हुए जब पाकिस्तान में सूखा पड़ेगा, घर-घर में जल संकट पैदा होगा तो कुछ कथित बुद्धिजीवी पानी छोड़ने के लिए विचित्र दलीलें देंगे। याद रखें, अगर अब पाकिस्तान पर दया दिखाई तो नतीजे बहुत घातक होंगे। इसे विवश किया जाए कि आतंकवादियों के अड्डों को खत्म करे, वांछित आतंकवादी हमें सौंपे, फौज में कटौती करे, स्कूली पाठ्यक्रम बदले और पीओके खाली करते हुए इस बात का भरोसा दिलाए कि आतंकवादियों को दोबारा पनाह नहीं देगा। इससे कम पर कोई बात नहीं होनी चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



सेना को संपूर्ण सम्बल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को भी साधुवाद देता हूं। हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था ''जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे''।

**-राजनाथ सिंह**



बीकानेर में सिलेंडर फटने से जनहानि का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें। हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हूं।

**-दीया कुमारी**



बूंदी में भीषण सड़क दुर्घटना में जनहानि एवं कई नागरिकों के घायल होने का समाचार सुनकर मन दुखी है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित चिकित्सीय उपचार सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# मुक्ति की राह

राजा परीक्षित को शृंगी ऋषि के श्राप से ज्ञात हुआ कि सातवें दिन उनका सर्पदंश से निधन होगा। वे मृत्यु के भय से व्याकुल थे। तब शुकदेवजी ने उन्हें एक कथा सुनाई 'एक राजा शिकार करते समय जंगल में भटक गया। रात होने पर उसे एक गंदी, दुर्गंधयुक्त झोपड़ी दिखी, जहां एक बीमार बहेलिया रहता था। राजा ने रात बिताने की प्रार्थना की। बहेलिए ने मना करते हुए कहा, 'जो भी यहां ठहरता है, सुबह इस झोपड़ी से मोह कर बैठता है।' राजा ने वचन दिया कि वह सुबह अवश्य जाएगा। लेकिन रातभर आराम की आदत से सुबह राजा झोपड़ी छोड़ना नहीं चाहता था और बहेलिए से झगड़ पड़ा।' शुकदेवजी ने पूछा, 'क्या राजा का व्यवहार उचित था?' परीक्षित बोले, 'नहीं, उसे वचन निभाना चाहिए था। वह मूर्ख था जो गंदी झोपड़ी से मोह कर बैठा।' शुकदेवजी मुस्कराए, 'वह राजा कोई और नहीं, स्वयं तुम हो। यह शरीर भी मल-मूत्र की झोपड़ी जैसा है। आत्मा को इसे छोड़कर आगे बढ़ना है।' यह सुन परीक्षित का मोह दूर हो गया और उन्होंने शांत चित्त से मृत्यु को स्वीकार कर आत्मिक उत्थान की तैयारी शुरू कर दी।

## सामयिक

# भारत ने आतंकियों पर हमला कर तोड़ी आर्थिक रीढ

**प्रहलाद सबनानी**

**मोबाइल : 9987949940**



भारत ने अंततः पाकिस्तान के कई आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर ही दिया। भारत के इस कठोर कदम से भारतीय नागरिकों को संतुष्टि मिली है, विशेष रूप से उन परिवारों को जिन्होंने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में अपने सगे सम्बन्धियों को खोया है। विश्व के लगभग समस्त देशों ने भारत के इस कदम का समर्थन ही किया है क्योंकि आतंकवादियों से अपने देश के नागरिकों की रक्षा करना किसी भी देश की सरकार का प्रथम कर्तव्य है। भारत को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले करने का साहस कहां से मिलता है। यह मिलता है भारतीय नागरिकों की एकजुटता से, वर्तमान केंद्र सरकार पर देश के नागरिकों का भरपूर विश्वास है एवं वह यह सोचती है सही समय पर एवं सही स्थान पर भारतीय सेना आतंकवादियों पर हमला करके अपने नागरिकों के मारे जाने का बदला जरूर लेगी। दूसरे, संभवत: भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति से भी केंद्र सरकार को कठोर निर्णय लेने का बल मिलता है। इस संदर्भ में, हाल ही में अच्छी खबर यह आई है कि भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चोथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं संभवत: वर्ष 2026 के अंत तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था आज भी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। विश्व के लगभग समस्त वित्तीय संस्थान भारत के संदर्भ में यह भविष्यवाणी करते हुए दिखाई दे रहे है कि आगे आने वाले कई दशकों तक भारत इसी प्रकार विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा।

भारत ने पिछले 10/11 वर्षों के दौरान वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रमों को लागू किया है। जिसका परिणाम स्पष्ट रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। माह अप्रेल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण नित नई ऊंचाईयां छूते हुए 2.37 लाख करोड़ रुपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। यह सब देश के नागरिकों द्वारा अप्रत्यक्ष करों के नियमों का अनुपालन करने के चलते सम्भव हो पा रहा है। अप्रेल 2025 माह में ही फैक्ट्री उत्पादन के मामले में पिछले 10 माह के उच्चतम स्तर को पार किया गया है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में तेजी से बढ़ती जा रही है और यह अपने पिहले 7 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। और तो और, सरकारी उपक्रमों एवं निजी कम्पनियों की लाभप्रदता में भी भारी सुधार देखने में आ रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने 70,901 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसी प्रकार, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 69,621 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक ने 64,062 करोड़ रुपए, ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज लिमिटेड ने 45,908 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक ने 44,256 करोड़ रुपए, इंडियन आइल कॉर्पोरेशन ने 41,729 करोड़ रुपए, लाइफ इन्शुरन्स कॉर्पोरेशन ने 40,915 करोड़ रुपए, कोल इंडिया लिमिटेड ने 37,402 करोड़ रुपए एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड ने 31,399 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। आपको ध्यान में होगा कि आज से कुछ वर्ष पर तक केंद्र सरकार को कई सरकारी उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए लाखों करोड़ रुपए की सहायता केंद्रीय बजट के माध्यम से इन सरकारी उपक्रमों की करनी होती थी। आज स्थित एकदम बदल गई है एवं आज ये लगभग समस्त उपक्रम केंद्र सरकार के लिए कमाऊ पूत की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं एवं करोड़ों रुपए का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध करा रहे हैं। यह सब केंद्र सरकार द्वारा इन उपक्रमों में सुधार कार्यक्रमों को लागू करने के चलते ही सम्भव हो सका है।

वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत भयावह स्थिति में पहुंच गया था तथा उस समय भारत के पास केवल 15 दिवस के आयात के बराबर ही विदेशी मुद्रा भंडार बच गया था और भारत को अपने स्वर्ण भंडार को ब्रिटेन के बैंकों में गिरवी रखकर विदेशी मुद्रा भंडार की व्यवस्था करनी पड़ी थी। आज स्थिति इस ठीक विपरीत है आज भारत के पास लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि का विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है और यह 68,813 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के ऊपर निकल गया है जो भारत के इतिहास में आज तक के उच्च्तम स्तर के बहुत करीब है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से विभिन्न उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात अपने उच्चतम स्तर 82,490 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। जिसके चलते भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में अतुलनीय सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत से विभिन्न देशों को निर्यात में अभी और सुधार होता हुआ दिखाई देगा क्योंकि भारत ने हाल ही में ब्रिटेन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है इससे भारत के सेवा क्षेत्र को अत्यधिक प्रोत्साहन मिलने जा रहा है और ब्रिटेन में भारतीय इंजिनीयर एवं डाक्टर के साथ ही अन्य क्षेत्रों में कार्य करने के लिए भारतीयों की मांग में वृद्धि दृष्टिगोचर होगी। अमेरिका के साथ भी भारत का द्विपक्षीय व्यापार समझौता अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और यूरोपीयन यूनियन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता दिसम्बर 2025 तक सम्पन्न होने की प्रबल सम्भावना है। इसके बाद भारत से विकसित देशों को निर्यात निश्चित रूप से बढ़ेंगे और इसके चलते बहुत सम्भव है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर अर्थात एक लाख करोड़ अमेरिको डॉलर के स्तर को भी पार कर जाएं। यदि ऐसा होता है तो भारत में विदेशी मुद्रा भंडार भी एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर सकते हैं क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी कम होती हुई अर्थात लगभग 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर होती हुई दिखाई दे रही हैं जबकि भारत अपने उपयोग का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल का आयात विभिन्न देशों से करता है। साथ ही, भारत को स्वर्ण के आयात को भी नियंत्रण में रखना होगा। इससे, भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में और अधिक मजबूत होगी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई कमी और वर्ष 2025 के खरीफ मौसम के दौरान मौसम विभाग द्वारा की गई सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी के कारण खुदरा कृषि क्षेत्र में मुद्रा स्फीति (महंगाई) की दर मार्च 2025 माह में कम होकर 3.73 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गई है। वित्तीय वर्ष 2013-14 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुगना होकर 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी आगे निकल गया है। इससे भारतीय नागरिकों की आय भी लगभग दुगनी हो गई है एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भी भारी कमी दर्ज हुई है। इससे देश के नागरिकों में उत्साह का माहौल जागा है तथा वे एकजुट होकर केंद्र सरकार के आतंकवाद के विरुद्ध लिए जा रहे निर्णयों का भारी समर्थन करते हुए दिखाई दे रहे है। इससे यह सिद्ध हो रहा है कि भारत की आर्थिक क्षेत्र में मजबूती के चलते केंद्र सरकार को भी आतंकवाद के विरुद्ध कड़े निर्णय लेने में कोई हिचक नहीं हो रही है। साथ ही, भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति के चलते विश्व के अन्य कई देश भी आतंकवाद की लड़ाई में भारत के साथ खड़े नजर आ रहे है। आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक स्थित जितनी अधिक सुदृढ्ढ होती जाएगी, वैश्विक पटल पर भारत के लिए अन्य देशों का समर्थन और अधिक मजबूत होता जाएगा। और फिर, उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत को अपनी एवं भारतीय नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का अधिकार भी तो है। भारत की आर्थिक स्थिति जितनी अधिक मजबूत होगी, केंद्र सरकार के सुरक्षा सम्बंधी निर्णय भी उतने ही मजबूत रहेंगे।

## ज्ञान विज्ञान

# वैज्ञानिकों ने खोजा ऐसा फॉर्मूला कि जिससे तुरंत लग जाएगा कैंसर पर ब्रेक

चीनी वैज्ञानिकों ने लीवर कैंसर के उपचार में एक महत्वपूर्ण खोज की है। उन्होंने पाया है कि सिलीबिन नामक प्राकृतिक यौगिक चउढ1 प्रोटीन को रोककर कैंसर कोशिकाओं में लैक्टेट के संचय को बढ़ाता है, जिससे उनकी वृद्धि रुक जाती है। यह खोज कैंसर के प्रभावी उपचार के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकती है। सस्ता उपचार खोजने के बाद चीन के वैज्ञानिकों ने कैंसर को लेकर एक और नई खोज की है। चीनी वैज्ञानिकों ने लैक्टेट के परिवहन तंत्र की खोज की है, जिस दौरान ऐसे तत्व के बारे में पता चला जो कैंसर जैसी घातक बीमारी को पहली स्टेज में ही रोक सकता है। सीजीटीएन के मुताबिक लैक्टेट जो कैंसर कोशिकाओं के लिए महत्वपूर्ण ईंधन है और कैंसर की बढ़ने में मदद करता है, उसे खोजे गए सिलीबिन नामक एक प्राकृतिक यौगिक के जरिए रोका जा सकता है। यह कॉम्पाउंड सिर्फ लीवर कैंसर के केस में कारगर है।

तिआनजिन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ये शेंग और उनकी टीम ने एक रिसर्च में यह पता लगाया कि चउढ1 एक ट्रांसपोर्टर प्रोटीन कैंसर कोशिकाओं से लैक्टेट बाहर निकालता है। उन्होंने पाया कि सिलीबिन इस ट्रांसपोर्टर को रोक सकता है। सिलीबिन चउढ1 को बंद कर देता है, जिससे लैक्टेट कैंसर कोशिकाओं में जमा हो जाता है और उनकी वृद्धि रुक जाती है। चीन के वैज्ञानिकों का दावा है कि इस खोज से कैंसर का प्रभावी उपचार विकसित किया जा सकता है। सिलीबिन का उपयोग कैंसर कोशिकाओं में लैक्टेट के संचय को बढ़ाकर उनकी वृद्धि को रोकता है, जिससे भविष्य में कैंसर के नए उपचार विकसित करने में मदद मिलेगी।

लीवर कैंसर एक ऐसी स्थिति है, जिसमें लीवर की कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर बना लेती हैं। यह कैंसर प्रथम चरण (लीवर से शुरू होने वाला) या दूसरा चरण (किसी अन्य अंग से फैलकर लीवर में पहुँचना) हो सकता है। लीवर कैंसर के लक्षण धीरे-धीरे उभरते हैं और शुरुआत में बहुत सामान्य लग सकते हैं, जिससे पहचान करना मुश्किल होता है। आम लक्षणों में पेट के ऊपरी दाएं हिस्से में दर्द या सूजन, अचानक वजन घटना, भूख न लगना, लगातार थकान, मतली, उल्टी और आंखों या त्वचा का पीला पड़ना शामिल हैं। लीवर कैंसर के कुछ मामलों में पेट में पानी भरने की समस्या भी हो सकती है। लीवर कैंसर का इलाज रोगी की उम्र, स्वास्थ्य और कैंसर के स्टेज पर निर्भर करता है।

## नजरिया

# खतरों के खिलाड़ी हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**बाल मुकुन्द ओझा**

**मोबाइल : 9414441218**



पुलवामा के बाद पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या के बाद ऑपरेशन सिन्दूर ने साबित कर दिया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खतरों के खिलाड़ी है। प्रधानमंत्री मोदी आतंकियों के ठिकानों को मिटटी में मिलाने के अपने एक एक शब्दों पर कायम रहे और जो कहा उसे पूरा करके दुनिया को दिखा दिया। मोदी का जवाब पाकिस्तान में हाहाकार बनकर गूंज रहा है। भारतीय सेना के पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। मिसाइल स्ट्राइक के बाद भारत ने साफ संदेश दे दिया है हमले का जवाब मुंहतोड़ मिलेगा। आतंकियों को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जायेगा। नेहरू से लेकर मन मोहन सिंह के शासनकाल पर एक विहंगम दृष्टि डाले तो पाएंगे मोदी में साहस, हिम्मत, जज्बे के साथ कुछ कर गुजरने की अपार शक्ति है। मोदी जो कहते है उस पर दृढ़ता से कायम रहते है। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री के शासन के कार्यकाल के दौरान जब भी उन्होंने कुछ कहा उस पर न केवल कायम रहे अपितु एक एक शब्द को कार्यरूप में परिणित किया। यह साल देश और मोदी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस साल मोदी जहाँ अपने शासन के 11 साल पूर्ण कर रहे है वहीं 75 साल की आयु भी पूरी करने जा रहे है। मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और 17 सितम्बर को 75 वर्ष के हो जायेंगे। मोदी भारत के प्रथम प्रधानमंत्री हैं जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। देश की मीडिया में आजकल मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाओं और शिगूफों का बाजार गर्म हो रहा है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के संघ से संबंधों, इस साल 75 साल पूरे होने और लोकसभा चुनावों में भाजपा को अकेले पूर्ण बहुमत हासिल नहीं करने को लेकर देश ही नहीं वैश्विक मीडिया में भी लगातार बहस छिड़ी हुई है। लोग तरह तरह के अनुमान लगा रहे है। मोदी के चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर ने एक इंटरव्यू में कहा था ये नियम बनाया तो मोदी जी ने ही है, तो ये उन पर है कि वो इस नियम को मानेंगे या नहीं? हालांकि भाजपा में यह कहने वालों की कोई कमी नहीं है कि हाल फिलहाल भाजपा में मोदी का कोई विकल्प नहीं है और देश के अगले प्रधानमंत्री भी मोदी ही होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार 25 मई 25 को अपने शासन के 11 साल पूरे करने जा रही हैं। इन 11 सालों में मोदी सरकार ने अनेक क्षेत्रों में सफलता के परचम फहराए इसमें कोई दो राय नहीं है। इस अवधि में मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि ये रही कि सरकार के किसी मंत्री पर कोई भी भ्रष्टाचार या घोटाले का आरोप नहीं लगा। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जनता की आशाओं अपेक्षाओं पर नितांत खरे उतरे। जन विश्वास अर्जित कर मोदी ने देशवासियों का आत्मसम्मान व राष्ट्र का गौरव बढ़ाने का काम किया है। अपने बलबूते पर तीसरी बार देश के प्रधान मंत्री बने नरेंद्र मोदी खतरे के खिलाड़ी है। वे हर समय कुछ नया करने की सोचते है। उनकी मंशा की थाह लेना मुश्किल है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान भी उन्होंने वह किया जो हर किसी के लिए संभव नहीं था। प्रधानमंत्री बनने के बाद वे एकाएक ही प्रादेशिक से राष्ट्रीय परिदृश्य पर धूमकेतु की तरह छा गए। राजनीति में ऐसे उद्धरण मिलना कठिन है। बताया जा रहा है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने 2013 में वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को घर बैठाकर गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को तरजीह दी थी। संघ को अपने इस कार्य में अपेक्षित सफलता मिली और मोदी ने देखते देखते देश की कमान संभाल ली। इस साल उन्होंने तीसरी बार देश के प्रधान मंत्री का पदभार संभाला है। देश और दुनिया में यह मानने वालों की कमी नहीं है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की जनता से संवाद शक्ति बेमिसाल है।


भाजपा को चुनावी विजय दिलाने में मोदी का जनता से सीधा और जीवंत संवाद है। जनता से उनका ऐसा ही जीवंत संवाद तब देखने को मिलता है जब वे चुनावी सभाओं को संबोधित करते है। जनता जनार्दन मोदी मोदी के नारे के साथ उनका करतल ध्वनि से स्वागत करते है। अपनी बेहद अनूठी और मन मोह लेने वाली संवाद कला से लोगों का दिल जीत लेते हैं प्रधानमंत्री मोदी। राजनीतिक समीक्षकों का मानना है आज मोदी जिस शिखर पर हैं, वहां पहुँचने में उनकी संवाद शैली की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने गुजरात के मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान मोदी की जन संवाद की इस अनूठी और रोचक विशेषता को पहचान लिया था। संघ को मोदी में भारत का भविष्य दिखाई देने लगा। इसे पहचानकर संघ के शीर्ष नेतृत्व ने तत्काल मोदी को आगे करने का ऐतिहासिक फैसला लिया। और इसमें संघ को सफलता भी मिली। आज एक स्वयंसेवक देश के सत्ता शिखर पर सवार है। यह मोदी की संवाद शैली का असर है कि चुनावी संग्राम में वे सबसे आगे है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

फोटो पोज



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में इंडिया फाउंडेशन के कौटिल्य फेलो कार्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ एक समूह फोटो के लिए पोज देते हुए।

# बिल गेट्स करीब 107 अरब डॉलर की संपत्ति गेट्स फाउंडेशन को दान करेंगे

सिएटल/एपी। दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार बिल गेट्स ने अपनी बची हुई 99 प्रतिशत प्रौद्योगिकी संपत्तियां गेट्स फाउंडेशन को दान करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की जिसकी अनुमानित कीमत 107 अरब डॉलर है। यह दान अब तक के सबसे बड़े परमार्थ कार्यों में से एक होगा। मुद्रास्फीति के हिसाब से समायोजित किए जाने पर यह दान मशहूर उद्योगपति जॉन डी. रॉकफेलर और एंड्रयू कार्नेगी के ऐतिहासिक योगदान से भी आगे निकल गया है। बर्कशायर हैथवे के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे ही दान की गई राशि के मामले में गेट्स से आगे निकल सकते हैं। बफे ने जिस संपत्ति को दान करने का संकल्प लिया है उसकी मौजूदा अनुमानित कीमत फोर्ब्स ने 160 अरब डॉलर आंकी है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव होने पर इसका मूल्य और भी अधिक हो सकता है। अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक गेट्स का यह दान गेट्स फाउंडेशन को समय के साथ दिया जाएगा। इससे फाउंडेशन को अगले 20 वर्षों में 200 अरब डॉलर की अतिरिक्त राशि खर्च करने की सुविधा मिल जाएगी।

गेट्स ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को दिए एक साक्षात्कार में परोपकार के लिए दान के बारे में कहा, 'इन उद्देश्यों के लिए इतना कुछ कर पाना रोमांचकारी है।'

इस बड़े दान की घोषणा गेट्स फाउंडेशन के वैश्विक स्वास्थ्य एवं शिक्षा की दिशा में जारी प्रयासों को समर्थन देती है। गेट्स का कहना है कि अपनी संपत्ति खर्च करने से अब कई लोगों की जान बचाने और उन्हें बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जिसका फाउंडेशन के बंद होने के बाद भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हालांकि, यह घोषणा गेट्स फाउंडेशन के वर्ष 2045 में बंद होने का भी संकेत देती है।

पहले फाउंडेशन को गेट्स के निधन के दो दशक बाद बंद करने की योजना बनाई गई थी लेकिन अब इसकी समयसीमा 2045 तय कर दी गई है। अपने शेष दो दशक में फाउंडेशन प्रति वर्ष लगभग नौ अरब डॉलर का बजट बनाए रखेगा।

गेट्स ने कहा, ''मुझे लगता है कि इन चीजों पर प्रगति करने के लिए जितना संभव हो सके उतना देने और लोगों को यह बताने के बीच 20 साल का समय सही संतुलन है कि अब यह पैसा खत्म हो जाएगा।'' फाउंडेशन ने 25 साल पहले गठित होने के बाद से अब तक 100 अरब डॉलर खर्च किए हैं। इस फाउंडेशन को अब तक 41 प्रतिशत राशि वॉरेन बफे से मिली है जबकि शेष राशि गेट्स ने माइक्रोसॉफ्ट की कमाई से दी है। गेट्स और मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने वर्ष 2000 में इस फाउंडेशन की बुनियाद रखी थी। इसने वैश्विक स्वास्थ्य और शिक्षा की बेहतरी के लिए लगातार काम किए हैं। गेट्स ने इसे अपना दूसरा एवं अंतिम करियर बताते हुए कहा, ''फाउंडेशन का काम मेरी अपेक्षा से कहीं अधिक असरदार रहा है।''

# आतंकवाद का क्षेत्र आतंकवादियों की कब्रगाह में बदल गया : नकवी

रामपुर (उप्र)/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों पर भारतीय सेना के हमलों की सराहना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश के बहादुर सशस्त्र बलों ने आतंकवाद के क्षेत्र को आतंकवादियों की कब्रगाह में तब्दील कर दिया है।

नकवी ने यहां संवाददाताओं से कहा, पाकिस्तानी नेताओं को यह समझना चाहिए कि अगर उन्होंने भारत को छूने की हिम्मत की तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें नहीं छोड़ेंगे। भारत को धमकी देने वाले हर व्यक्ति को मिट्टी में मिला दिया जाएगा।

नकवी ने कहा, पहलगाम में हमारी बहनों के पतियों की हत्या करके क्रूरता करने वाले अपराधियों का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई कार्रवाई के कारण इन आतंकवादियों के संरक्षक और प्रायोजक बेहद भयभीत हैं तथा पाकिस्तानी नेताओं ने आतंकवाद को पाकिस्तान का 'राष्ट्रीय उद्योग' बनाकर अपनी कब्र खुद खोद ली है इसलिए उन्हें यह समझना चाहिए कि अगर उन्होंने भारत को छूने की हिम्मत की, तो प्रधानमंत्री मोदी उन्हें नहीं छोड़ेंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आतंकवाद के लिए सुरक्षा कवच के रूप में इस्लाम का दुरुपयोग करने वाले लोग इस्लाम और 'इंसानियत' दोनों के दुश्मन हैं।

# हाफिज सईद ने कई सालों के लिए अपनी दोषसिद्धि को पाक अदालत में चुनौती दी

लाहौर/भाषा। मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ता और प्रतिबंधित जमात-उद-दावा के प्रमुख हाफिज सईद ने पाकिस्तान की एक अदालत में याचिका दायर कर आतंकवाद वित्तपोषण के मामलों में कई सालों के लिए अपनी दोषसिद्धि को चुनौती दी है। अदालत के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अदालत के अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''सईद और जमात-उद-दावा के कुछ अन्य नेताओं ने लाहौर उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अनुरोध किया है कि कई वर्षों से आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों में उनकी दोषसिद्धि को रद्द किया जाए।'' उन्होंने बताया कि लाहौर उच्च न्यायालय की, न्यायमूर्ति शाहबाज रिजवी और न्यायमूर्ति तारिक महमूद बाजवा की दो सदस्यीय पीठ ने याचिका पर सुनवाई तय कर दी है। सुनवाई की तारीख बाद में अधिसूचित की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकवादी घोषित सईद को आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों में जुलाई 2019 में गिरफ्तार किया गया था। अमेरिका ने उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम रखा था।

सईद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद है और उसे कई साल तक आतंक वित्तपोषण के मामलों में दोषी ठहराया गया था। हालांकि इस तरह की अपुष्ट खबरें हैं कि सईद जेल में नहीं है और किसी 'सुरक्षित पनाहगाह' में रह रहा है।

वह लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक है जो 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार संगठन है। इन हमलों में 166 लोग मारे गए थे।

# लोग बोल रहे '80 साल का बुजुर्ग पाकिस्तान' पांच टुकड़ों में बंटकर बिखर जाएगा : इंद्रेश कुमार

इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोग पाकिस्तान को ''80 साल का बुजुर्ग'' बताते हुए कयास लगा रहे हैं कि अपने जन्म से ही हिंसा और रक्तपात देख रहा यह मुल्क पांच टुकड़ों में बंटकर बिखर जाएगा।

कुमार ने इंदौर में ईसाई समुदाय की गैफकॉन-एबीसीआई नॉर्थ इंडिया लीडर्स कॉन्फ्रेंस में कहा,''हमें मालूम नहीं है कि पाकिस्तान का क्या होगा, लेकिन लोग कह रहे हैं कि यह मुल्क पांच हिस्सों में टूट कर बिखर जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''कुछ लोग कहते हैं कि पाकिस्तान जब से जन्मा है, तब से इसमें हिंसा और रक्तपात हो रहा है।

# 'भारत में 30 फीसदी से अधिक लड़कियों, 13 फीसदी लड़कों ने 18 साल से कम उम्र में यौन उत्पीड़न झेला'

नई दिल्ली/भाषा। भारत में 2023 में 18 साल से कम उम्र की 30 प्रतिशत से अधिक लड़कियों और 13 प्रतिशत लड़कों ने यौन हिंसा का अनुभव किया। 'लांसेट' पत्रिका में प्रकाशित एक विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई।

अध्ययन में 1990 और 2023 के बीच 200 से अधिक देशों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा की व्यापकता का अनुमान लगाया गया है। अनुमान में यह पता चलता है कि दक्षिण एशिया में यौन हिंसा का शिकार होने के मामले में लड़कियां शीर्ष पर हैं जिसमें बांग्लादेश में 9.3 प्रतिशत से लेकर भारत में 30.8 प्रतिशत तक लड़कियां यौन उत्पीड़न का शिकार हुई हैं।

अध्ययन के अनुसार, दुनिया भर में पांच में से एक लड़की और सात में से एक लड़के के 18 साल की उम्र से पहले यौन हिंसा का अनुभव करने का अनुमान है। अमेरिका के 'यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन' में 'इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन' के शोधकर्ताओं सहित अन्य ने यह भी पाया कि उप-सहारा अफ्रीका में 18 वर्ष से कम उम्र के लड़कों के बीच यौन हिंसा की दर अधिक थी, जो कि जिम्बाब्वे में लगभग आठ प्रतिशत से लेकर पश्चिम अफ्रीकी देश कोट डिलवोइर में 28 प्रतिशत तक है।



# 'भूल चूक माफ' के निर्देशक बोले,'मैंने सिर्फ बुनियाद तैयार की, जान तो राजकुमार-वामिका ने ही डाली'

**नई दिल्ली/एजेन्सी**

राजकुमार राव और वामिका गब्बी की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' काफी चर्चा में है। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया और वे इसे देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। फिल्म के निर्देशक करण शर्मा ने आईएएनएस से बात करते हुए राजकुमार और वामिका के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनकी वजह से फिल्म में जान आ गई। उनकी एक्टिंग और मौजूदगी ने फिल्म को और भी बेहतर और खास बना दिया। आईएएनएस से बात करते हुए निर्देशक ने कहा, जब मैंने कहानी लिखी, तब मैंने केवल उसकी बुनियाद तैयार की थी। लेकिन उस पर जो गहराई और बाकी खूबसूरत चीजें जुड़ीं, वो राजकुमार और वामिका समेत फिल्म में मौजूद कलाकारों की वजह से हुआ। निर्देशक, अभिनेता और पूरी टीम का यह संयुक्त प्रयास है।

करण ने आगे कहा, फिल्म सिर्फ एक इंसान की मेहनत से नहीं बनती। जब पूरी टीम मिलकर, एक सोच और एक लक्ष्य पर काम करती है, तभी रिजल्ट अच्छा आता है। सिर्फ एक इंसान कहे कि 'मैंने सब किया', यह सही नहीं होता। अगर कलाकारों ने अपनी मेहनत और योगदान न दिया होता, तो यह फिल्म वैसी नहीं बन पाती जैसी बनी है। जब वामिका से पूछा गया कि रोमांटिक फिल्म इतनी लोकप्रिय क्यों है, तो इस पर वामिका ने आईएएनएस से कहा, ये सब प्यार की बात है। प्यार ही वो चीज है जो पूरी दुनिया को जोड़ने का माद्दा रखता है। ये फिलिंग्स इंसान को अंदर से अच्छा महसूस कराती हैं। इसलिए रोमांटिक फिल्में सबको पसंद आती हैं, क्योंकि उनमें वो प्यार दिखता है जो हर किसी ने कभी न कभी महसूस किया है। ट्रेलर के मुताबिक, फिल्म की कहानी बनारस की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में राजकुमार राव ने रंजन और वामिका गब्बी ने तितली का किरदार निभाया है। रंजन और तितली दोनों शादी करना चाहते हैं, इसके लिए वे घर से भाग जाते हैं लेकिन घरवाले पुलिस की मदद से ढूंढ लेते हैं और दोनों की शादी तय करने का फैसला लेते हैं, लेकिन एक शर्त के साथ... शर्त यह है कि रंजन को दो महीने के अंदर सरकारी नौकरी ढूंढनी होगी। इसके लिए रंजन काफी मेहनत करता है, भगवान से मन्नत मांगता है। इस बीच दोनों की शादी की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं लेकिन इस बीच एक ट्विस्ट आता है, जब रंजन टाइम लूप में फंस जाता है।



# फिल्म 'हरी का ओम' का यूरोपियन प्रीमियर यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में होगा

**मुंबई/एजेन्सी**

अंशुमन झा, सोनी राजदान और रघुवीर यादव की फिल्म फिल्म 'हरी का ओम' का यूरोपियन प्रीमियर यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में आज होगा। पिता-बेटे की कहानी 'हरी का ओम' पिछले कई महीनों से कई फिल्म फेस्टिवल्स में तारीफ बटोर रही है। अब इस फिल्म को एक और बड़ी उपलब्धि मिलने जा रही है। इसका यूरोपियन प्रीमियर यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आज लंदन के मशहूर रीजेंट स्ट्रीट सिनेमा में गाला स्क्रीनिंग के रूप में होगा। ऑस्ट्रेलिया, नॉर्थ अमेरिका, कनाडा और भारत में प्रीमियर के बाद अब यह फिल्म यूरोप में दिखाई जाएगी और इसके बाद जुलाई में इसका वर्ल्डवाइड रिलीज़ होगा। इस फिल्म का निर्देशन हरीश व्यास ने किया है और इसमें सोनी राजदान, आयशा कपूर के साथ अंशुमन झा और रघुवीर यादव मुख्य भूमिका में हैं।

अंशुमन ने कहा,'हरी का ओम' एक ऐसी पिता-बेटे की कहानी है जिसकी जरूरत आज के दौर को है। छोटे शहर की पृष्ठभूमि में बनी यह फिल्म हर घर में होने वाली भावनात्मक समस्याओं को दर्शाती है। यह दिखाती है कि अगर भावनाओं को सही तरीके से संभाला ना जाए, तो युवा और बूढ़े दोनों ही गलतियां कर सकते हैं। यह दो पीढ़ियों के बीच की खाई को दर्शाती है और मुझे यूके में इसकी स्क्रीनिंग और बातचीत के लिए जाने का बेसब्री से इंतजार है। अंशुमन की पिछली दो फिल्में वर्ष 2021 की 'हम भी अकेले' जिसमें उन्होंने एक समलैंगिक किरदार निभाया था, और 2023 की एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा' में उन्होंने जानवरों से प्यार करने वाले एक विगिलांटे की भूमिका निभायी थी, जिससे उन्हें काफी सराहना मिली। अब 'हरी का ओम' में वे भोपाल के एक मध्यमवर्गीय लड़के की भूमिका में नज़र आएंगे।

# अनुराग कश्यप की बढ़ी मुश्किलें, गैर जमानती धाराओं में केस दर्ज

**रायपुर/एजेन्सी**

ब्राह्मणों पर विवादित टिप्पणी कर फंसे फिल्म निर्माता-अभिनेता अनुराग कश्यप की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। गुजरात के सूरत कोर्ट के नोटिस के बाद अब छत्तीसगढ़ के रायपुर की अदालत ने गैर-जमानती धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। ब्राह्मणों के खिलाफ दिए गए विवादित बयान को लेकर अनुराग कश्यप के खिलाफ उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अंजिनेश अंजय शुक्ला ने रायपुर की अदालत में परिवाद दाखिल किया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुमारी आकांक्षा की बेंच ने सुनवाई के दौरान फैसला सुनाया है। कश्यप पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 299 एवं 353 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करने के आदेश हैं। कोर्ट ने कहा कि अनुराग की टिप्पणी न सिर्फ सामाजिक सौहार्द्र को भंग करने वाली है बल्कि यह समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है, जो दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

अधिवक्ता अंजिनेश अंजय शुक्ला ने बताया, अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर हाल ही में पोस्ट शेयर किया था, जिसमें ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक और सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली टिप्पणी की थी, जिसके विरुद्ध हमने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई। उस पर कोई कार्रवाई न होने पर हमने एसपी से शिकायत की। इसके बाद हमने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 175(3) के अंतर्गत रायपुर जिला न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। जज ने गैर जमानती धाराओं में मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। इससे पहले 25 अप्रैल को सूरत की ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (जेएमएफसी) कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर पेश होने का आदेश दिया था। सूरत की जेएमएफसी कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर हाजिर होने का आदेश दिया। यह नोटिस ब्राह्मण समाज की ओर से सूरत के वकील कमलेश रावल की शिकायत के बाद जारी की गई थी। उन्होंने अनुराग कश्यप के सोशल मीडिया पोस्ट और माफीनामे को सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया। इस बीच सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कश्यप ने हाल ही में दोबारा आहत लोगों से माफी मांगी थी। कश्यप का कहना है कि वह गुस्से में आकर मर्यादा भूल गए थे। आगे वह ध्यान देंगे कि बातचीत के दौरान सही शब्दों का इस्तेमाल करें। माफी मांगने के साथ ही अनुराग ने आगे कहा कि उनसे ऐसी गलती आगे कभी नहीं होगी। यह विवाद तब शुरू हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक यूजर को जवाब देते हुए ब्राह्मणों को लेकर बेहद शर्मनाक बात लिखी, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जमकर बवाल मचा और लोगों ने उनकी कड़ी आलोचना की।

# सिविल सेवा में जाना चाहती थी निकिता दत्ता

**मुंबई/एजेन्सी**



बॉलीवुड अभिनेत्री निकिता दत्ता सिविल सेवा में जाना चाहती थी। निकिता दत्ता ने हाल ही में एक कार्यक्रम में अपने सिनेमा के सफर पर खुलकर बात की। बातचीत के दौरान उन्होंने अपने करियर के एक अनछुए पहलू का ज़िक्र किया। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब वह संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा देकर सिविल सेवाओं में जाना चाहती थीं। निकिता ने बताया, मैं एक आर्मी परिवार से आती हूं। मेरे आसपास लगभग हर कोई किसी न किसी रूप में सेना से जुड़ा रहा है। ऐसे अनुशासित माहौल में पल-बढ़कर, मेरा भी झुकाव एक व्यवस्थित जीवन की ओर था। एक समय तो ऐसा था जब मैं यूपीएससी परीक्षा में शामिल होकर सिविल सर्विसेज की राह पर जाना चाहती थी। मेरे जैसे किसी इंसान के लिए, जिसने अब अभिनय को अपना पेशा बना लिया है, यह बदलाव काफी बड़ा था। हम ऐसे माहौल में पले-बढ़े जहां नियम, अनुशासन और कर्तव्य सबसे ऊपर थे। वहीं, क्रिएटिव फील्ड में करियर बनाना, जहां हर दिन कुछ नया और अनिश्चित होता है, मेरे लिए पूरी तरह से अलग अनुभव था। लेकिन मुझे लगता है कि वही अनुशासन मुझे इस इंडस्ट्री में स्थिर और केंद्रित रहने में मदद करता है, जो अक्सर काफी अव्यवस्थित लगती है। निकिता को इस समय उनकी हालिया फिल्म 'ज्वेल थीफ' में उनके किरदार फराह के लिए काफी सराहना मिल रही है। दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने उनकी अदायगी को प्रभावशाली, बारीक़ियों से भरी और अब तक के करियर की सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस में से एक बताया है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बोलीं हेमा मालिनी - पहलगाम में निर्दोषों की नृशंस हत्या का बदला लिया गया



**मुंबई/एजेन्सी**

अभिनेत्री और भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलतापूर्वक कार्रवाई के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले का एक मजबूत योजनाबद्ध जवाब था। सरकार की सख्त प्रतिक्रिया ने पीड़ितों को न्याय दिलाया है।

एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में 'ऑपरेशन सिंदूर' की जमकर तारीफ की। उन्होंने इसे पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए एक जरूरी कदम बताया। साथ ही पीएम की ओर से इस सैन्य कार्रवाई को मंजूरी देने की भी सराहना की।


हेमा मालिनी ने 'एक्स' पर लिखा, हमारी ताकतवर सेना और वायुसेना को कोटि-कोटि प्रणाम, जिन्होंने निर्दोष पर्यटकों की जान लेने वाले आतंकवादियों को करारा जवाब दिया। हां! पीएम मोदी ने दुश्मनों के खिलाफ सबसे असरदार 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसके जरिए पहलगाम में निर्दोषों की नृशंस हत्या का बदला लिया गया। पूरा देश एकजुट होकर सरकार की इस कार्रवाई के समर्थन में खड़ा है। जय हिंद! जय भारत!

हेमा मालिनी से पहले अभिनेत्री रवीना टंडन ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने लिखा, ''भारत हमेशा शांति के पक्ष में खड़ा रहा है। फिर भी, दशकों से हम ऐसे हमलों के शिकार होते आए हैं। दोनों देशों के बीच शांति के लिए कई पहल और बातचीत हुई। इसके बावजूद, पाकिस्तान लगातार अपनी सेना की मदद से ऐसा करता आया है, जिसकी वजह से अनगिनत निर्दोषों की जान जा चुकी है।''उन्होंने आगे लिखा, ''दुनिया को अब आतंकी कारखानों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। भारत की कार्रवाई सोची-समझी है, जिसका उद्देश्य केवल आतंकियों को खत्म करने का है, न कि नागरिकों को। हमारे सैनिकों के साथ देशवासियों ने धैर्य और साहस दिखाया। मैं देश, हमारे सशस्त्र बलों, लीडर्स के साथ खड़ी हूं। श्री राम हमें बुराई का नाश करने के लिए मार्गदर्शन दें।''पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाबी कार्रवाई के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

स्वाभिमान गिरवी रखकर प्राप्त किया हुआ सोना, चांदी, महल भी मिट्टी के समान है और स्वाभिमान की सूखी रोटी भी पांच पकवान से बढ़कर है। जिस व्यक्ति के जीवन में देश के प्रति स्वाभिमान नहीं होता वह जिंदा भी मुर्दे के समान है। स्वाभिमान ही धर्म का प्रवेश द्वार है, इसके बिना कितना ही दान, त्याग, तपस्या की जाएं, सब व्यर्थ हैं। यहां तक कि यदि संत भी बन जाए तो भी विश्व के किसी धर्म में प्रवेश नहीं हो सकता है। विश्व के सभी महापुरुषों ने स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना तन, मन, धन सर्वस्व न्योछावर कर दिया।




# एजी जैन स्कूल का 12वीं कक्षा में 98 प्रतिशत परिणाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार द्वारा हायर सेकेंडरी परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर साहुकारपेट के एजी जैन हायर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर 12 वीं कक्षा में उत्कृष्टता की मिसाल कायम करते हुए 98 प्रतिशत सफलता दर हासिल की है। छात्रों और शिक्षकों की मेहनत रंग लाई है और उन्होंने शानदार परिणामों के साथ स्कूल का नाम रोशन किया है। इस सफलता के पीछे स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. के. जयश्री का मार्गदर्शन और प्रेरणा, स्कूल के पत्राचारक हनुमान बोथरा तथा सचिव दलजीत ढ्ढा का सतत सहयोग प्रमुख रहा।

स्कूल प्रबंधन ने कहा कि यह परिणाम न केवल विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों की निष्ठा और विद्यालय के अनुशासित वातावरण का भी प्रमाण है।



# सैनिकों के सम्मान में निशान यात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री श्याम सेवा परिवार ट्रस्ट ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में एक भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा माधावरम से अन्ना नगर स्थित बाबा श्री श्याम जी के मंदिर तक आयोजित की गई।

इस अवसर पर श्री श्याम सेवा परिवार ट्रस्ट के सदस्यों और भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा श्री श्याम जी की भक्ति और श्रद्धा का प्रदर्शन किया। निशान यात्रा के दौरान भक्तों ने बाबा श्री श्याम जी के जयकारे लगाए और उनकी कृपा और आशीर्वाद के लिए प्रार्थना की। श्री श्याम सेवा परिवार ट्रस्ट के सचिव जगदीश वर्मा ने भारतीय सेना की बहादुरी और साहस की प्रशंसा की और उनके अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि यह निशान यात्रा भारतीय सेना के प्रति सम्मान और समर्थन का प्रतीक बताया।



# स्थापना दिवस मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघ शाखा तमिलनाड जैन महामंडल द्वारा आयोजित शासन स्थापना दिवस की भव्य शोभायात्रा 8 मई को सुबह 8.30 बजे राजेंद्र भवन से बैंड बाजे के साथ निकाली गई। पंन्यास श्री धैर्यसुन्दरविजयजी म. सा., पंन्यासश्री निर्मोहसुन्दरविजजी म.सा., मुनिश्री विवेकविजयजी म.सा. आदि की शुभ निश्रा में चंद्रप्रभु महाराज जूना जैन मंदिर, आराधना भवन, श्री चंद्रप्रभु नया मंदिर, महामंडल कार्यालय व श्री प्र.म. मेहता गुजराती वाड़ी में ध्वजारोहण किया गया।

सम्पूर्ण कार्यक्रम का लाभ व सभी स्थलों पर ध्वजारोहण संघवी पानीदेवी मोहनलाल मुथा सोनवाडिया, मांडवला-चेन्नई के रमेश मुथा व विभिन्न मंदिरों के ट्रस्टियों ने किया।

इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। महामंडल के चेयरमैन कैलाश कोठारी ने बताया कि राजेन्द्र सूरी ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहा।

## शासन स्थापना दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर के आरजी स्ट्रीट स्थित राजस्थानी जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ द्वारा संचालित सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर में गुरुवार को शासन स्थापना दिवस साध्वीवृंद की उपस्थिति में मनाया गया। पहले जैन शासन का झंडा रोहण किया गया। साध्वीश्री के सान्निध्य में संघ के उपाध्यक्ष प्रकाश कोठारी, सचिव गौतमचन्द बाफना, सहकोषाध्यक्ष दिनेश कुंकलोल, सहसचिव गौतमचन्द बाफना और मंदिर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# केएलपी में मनाया शासन स्थापना दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




चेन्नई। यहां गुरुवार को संकल्प जैन श्वेताम्बर संघ, केएलपी द्वारा जैन शासन स्थापना दिवस साध्वीश्री सौम्य रत्नाश्रीजी म. सा. की निश्रा में सकल श्री संघ की उपस्थिति में मनाया गया। सुबह अभिनंदन एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबूलाल जैन व ट्रस्ट मंडल तथा वहाँ उपस्थित सदस्यों द्वारा शासन ध्वज लहराया गया।

शासन ध्वज लहराने के पश्चात साध्वीश्री ने आज के दिवस के महत्व को समझाते हुए सभी को आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर ट्रस्ट मंडल से फुटरमल जैन, भंवरलाल परमार, मदनलाल दांतेवाड़िया, कैलाश कोठारी, जीतेश मेहता, कांतिलाल जैन के अलावा संघ के कई श्रावक, श्राविका, महिला मंडल की सदस्य उपस्थित थीं।

# चतुर्विध संघ स्थापना दिवस सामायिक साधना के साथ मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां वैशाख शुक्ल एकादशी गुरुवार 8 मई को चतुर्विध संघ स्थापना दिवस श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, तमिलनाडु के तत्वावधान में बेसिन वाटर वर्क्स स्ट्रीट, साहूकारपेट में स्थित स्वाध्याय भवन में श्रद्धा भक्ति दिवस के रुप मे मनाया गया। युवा स्वाध्यायी वीरेन्द्र कांकरिया ने गुरु हस्ती की संघ सेवा की प्रेरणा पर जैन धर्म के मौलिक इतिहास के संदर्भ में किया।

जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, तमिलनाडु के निवर्तमान कार्याध्यक्ष आर.नरेन्द्र कांकरिया ने चतुर्विध संघ के स्थापना दिवस की मौलिकता पर विशेष प्रकाश करते हुए कहा कि साढ़े बारह वर्ष की कठोर साधना के पश्चात वैशाख शुक्ल दशमी को भगवान महावीर स्वामी ने दिन के पिछले प्रहर में ग्राम के बाहर ऋजुबालिका नदी के किनारे जीर्ण उद्यान के पास शाल वृक्ष के नीचे उत्कटिक आसन में निर्जल बेले की तपस्या में शुक्ल ध्यान में आरुढ़ होकर चार घाती कर्मों को क्षय कर केवलज्ञान केवलदर्शन को प्राप्त किया। इसके पश्चात देवताओं द्वारा तीर्थंकर प्रभु महावीर के लिए समवसरण की रचना की गयी पर जन साधारण की अनुपस्थिति के कारण प्रथम देशना खाली गयी अगले दिन प्रभु पावापुरी पधारें,आज की तिथि पर इन्द्रभूति अग्निभूति आदि ग्यारह पण्डितों ने अपने शिष्यों के संग 4400 आत्माएं एक साथ प्रभु महावीर के पास दीक्षित हुई और चतुर्विध संघ की स्थापना हुई। चंदनबाला भगवान महावीर के प्रथम साध्वी बनें, शंख आदि श्रावक एवं सुलसा प्रथम श्राविका बनी। वरिष्ठ स्वाध्यायी लीलमचंद बागमार ने आचार्य विजयराज द्वारा रचित भगवान महावीर की स्तुति सुनाई।

संघ स्थापना दिवस पर श्रावक संघ तमिलनाडु के कोषाध्यक्ष अम्बालाल कर्णावट, उपाध्यक्ष गौतमचंद मुणोत, रुपराज सेठिया. स्वाध्यायीगण कांतिलाल तातेड़, पदमचन्द दीपक योगेश श्रीश्रीमाल, इंदरचंद कर्णावट, नवरतनमल कमल चोरडिया, उच्छबराज गांग, नवरतनमल बागमार, वीरेंद्र ओस्तवाल की सामायिक परिवेश में उपस्थिति प्रमोदजन्य रही। उपस्थित जिनशासन के सेवकों ने व्रत, नियम, प्रत्याख्यान किये। मंगल पाठ के पश्चात महावीर भगवान स्वामी, तीर्थंकर भगवन्तों, आचार्य भगवन्त, भावी आचार्यश्री, उपाध्याय भगवन्त साध्वी प्रमुखा समस्त चरित्र आत्माओं की जय-जयकार के संग श्रद्धा भक्ति पूर्वक जिनशासन स्थापना दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



# हैदराबाद के केंद्रीय हिंदी संस्थान द्वारा 483वाँ नवीकरण पाठ्यक्रम का उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र द्वारा चेन्नई हिंदी प्रचारक संघ चेन्नई के हिंदी प्रचारक/हिंदी अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए 5 से 17 मई तक 483वें 'नवीकरण पाठ्यक्रम' का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन समारोह 5 मई को वेलाचेरी के गुरुनानक महाविद्यालय में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के निदेशक प्रो. सुनील बाबूराव कुळकर्णी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डीबीएचपीएस के प्रभारी कुलसचिव डॉ. मंजुनाथ अंबिग, विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरुनानक महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. पी. वी. कुमारगुरु, सम्मानित अतिथि के रूप में भक्तवात्सलम, विद्याश्रम, कोत्तूर, चेन्नई की प्राचार्या डॉ. विजयालक्ष्मी एन. तथा विशेष अथिति के रूप में चेन्नई हिंदी प्रचारक संघ के महासचिव जे. अशोक कुमार जैन, गुरुनानक महाविद्यालय वेलाचेरी की डीन, अकादमी डॉ. स्वाति पालीवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर पाठ्यक्रम के संयोजक केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. गंगाधर वानोडे एवं पाठ्यक्रम प्रभारी डॉ. फत्ताराम नायक एवं डॉ. दीपेश व्यास मंच पर उपस्थित रहे। इस नवीकरण पाठ्यक्रम में कुल 47 (महिला- 44, पुरुष- 03) के प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्वागत क्षेत्रीय निदेशक प्रो. गंगाधर वानोडे द्वारा किया गया। उसके बाद संस्थान की त्रैमासिक पत्रिका 'समन्वय दक्षिण' का लोकार्पण किया गया, साथ ही डॉ. राजलक्ष्मी कृष्णन द्वारा अनुदित पुस्तक महाभारत का लोकार्पण किया गया। उपस्थित प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाएँ तथा इस नवीकरण से क्या अपेक्षाएँ हैं इस संबंध में बताया। जिसमें पुष्प लता ने व्याकरण में पढ़ने में तथा कबीर, रहीम के दोहे पढ़ने में कठिनाइयों को दूर करने के लिए कहा।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**मनमोहक श्रृंगार**

बेंगलूरु में गुरुवार को मोहिनी एकादशी के मौके पर बन्नरघट्टा स्थित श्री श्याम मंदिर बेंगलूरु धाम में खाटू नरेश बाबा श्याम का फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। दोपहर सवा चार बजे से मंदिर परिसर में भजनों की गंगा बही जिसमें स्थानीय गायकों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। सायं आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।




# एमजीएम हेल्थकेयर ने पेट की नसों के बिना पैदा हुए 12 वर्षीय बच्चे पर ऐतिहासिक रीनल री-ट्रांसप्लांट किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। एक ऐतिहासिक सर्जिकल उपलब्धि में, एमजीएम हेल्थकेयर की एक बहु-विषयक प्रत्यारोपण टीम ने लखनऊ के एक 12 वर्षीय बच्चे पर एक जटिल गुर्दे का पुनः प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया, जो एक दुर्लभ संवहनी स्थिति के साथ पैदा हुआ था - जिसे वी4 शिरापरक विसंगति के रूप में वर्गीकृत किया गया था - जिसमें जन्म से ही प्रमुख पेट की नसों और शिरा नेटवर्क की अनुपस्थिति शामिल थी।

बच्चे का पहले किडनी ट्रांसप्लांट हो चुका था, लेकिन ग्राफ्ट फेल हो गया था और वह फिर से ट्रांसप्लांट होने का इंतजार कर रहा है। हालांकि, सामान्य शिरापरक जल निकासी प्रणाली की अनुपस्थिति ने एक बड़ी शल्य चिकित्सा चुनौती पेश की। उल्लेखनीय नवाचार का प्रदर्शन करते हुए, शल्य चिकित्सा दल ने नए ग्राफ्ट के सुरक्षित और प्रभावी प्लेसमेंट और रक्त प्रवाह (छिड़काव) को सुनिश्चित करने के लिए पहले के प्रत्यारोपण से शिरापरक मार्गों की पहचान की और उनका पुनः उपयोग किया। दूसरे प्रत्यारोपण को सुविधाजनक बनाने के लिए मौजूदा शिरापरक संरचनाओं को संरक्षित करते हुए पुरानी किडनी ग्राफ्ट को सावधानीपूर्वक हटा दिया गया। बच्चा ठीक हो रहा है, बिना किसी संवहनी या मूत्र संबंधी जटिलताओं के साथ ग्राफ्ट के शुरुआती कार्य को प्रदर्शित कर रहा है।

सर्जरी का नेतृत्व एमजीएम हेल्थकेयर के मल्टी-विसरल एवं एब्डॉमिनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट संस्थान के अध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. अनिल वैद्य ने किया, जिसमें एक बहु-विषयक टीम का सहयोग रहा, जिसमें बाल चिकित्सा नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. सुकन्या गोविंदन, मल्टी-विसरल एवं एब्डॉमिनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट में वरिष्ठ सलाहकार डॉ. सेंथिल मुथुरमन, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. राम गुरजाला और एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ. दिनेश बाबू एवं डॉ. निवास चंद्रशेखरन शामिल थे।

# बेकिंग संबंधी प्रशिक्षण देकर कन्याओं को स्वावलंबी बनाने का प्रयास

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा उड़ान (सुनहरा भविष्य) : एक कदम स्वालंबन की ओर' त्रैमासिक कार्यशाला अक्कम्मा देवी आश्रम में कन्याआं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। दिसंबर माह से प्रारंभ हुई है कार्यशाला मार्च महीने तक चली। इसके अंतर्गत मेहंदी डिजाइन, कैंडल मेकिंग स्क्रैपबुक मेकिंग, केक पेस्ट्री मेकिंग, चॉकलेट मेकिंग इत्यादि का प्रशिक्षण मोना मांडोत, तन्वी मांडोत, ज्योति पींचा, खुशी सामसुखा, उर्वशी पुगलिया द्वारा दिया गया।

आश्रम की कन्याओं को प्रशिक्षण दिया गया। मंडल द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं जैन पट्ट के द्वारा उनका सम्मान 7 मई को आश्रम में मंडल की अध्यक्ष मंजू गादियां एवं मंत्री दीपिका गोखरू ने किया। आश्रम को ओटीजी, बैलेन्डर, और बटर पेपर दिए गए जिससे आश्रम की कन्याओं ने केक, बिस्किट, पैस्ट्री आदि बनाकर रोजगार आरंभ करने की दिशा में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मंडल की उपाध्यक्ष बरखा पुगलिया, मंत्री ललित डागा, प्रचार प्रसार मंत्री सरिता छाजेड़ आदि उपस्थित थीं।



Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.